दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 89
कोटद्वार सोमवार
24 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

टिहरी झील में डूबा नौ साल का बच्चा, नहाते समय हुआ हादसा, खोजबीन में जुटी एसडीआरएफ

कंडीसौड़ (टिहरी)। टिहरी झील में रविवार को नाहने के दौरान एक नौ साल का बच्चा डूब गया। बच्चे की तलाश में पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने झील में रेस्क्यू अभियान भी चलाया, लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिल पाई। धरवाल गांव में बच्चे के डूबने की सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, रविवार को धरवाल गांव निवासी अमृत लाल के बेटे आयुष और आशीष गांव के समीप ही भैंस चुगाने के लिए गए हुए थे। खेल-खेल में दोनों भाई झील में नाहने चले गए। शाम चार बजे के लगभग नाहने के दौरान आशीष (9) झील में डूब गया। जबकि उसका बड़ा भाई आयुष सकुशल बच निकला। थानाध्यक्ष प्रदीप पंत ने बताया कि शाम पांच बजे घटना की सूचना मिली। पूछताछ में पता चला कि दोनों भाई झील में नाह रहे थे। इसी दौरान आशीष डूब गया। घटनास्थल से कुछ दूरी पर चार-पांच महिलाएं पशुओं को चराने गई हुई थीं। आयुष के चिल्लाने की आवाज सुनकर महिलाएं दौड़कर वहां पहुंची, लेकिन तब तक आशीष डूब चुका था।

बच्चे की तलाश में झील में बोट से रेस्क्यू अभियान भी चलाया गया। लेकिन कामयाबी नहीं मिल पाई। अब सोमवार को फिर से रेस्क्यू अभियान चलाया जाएगा। बता दें कि 21 जुलाई को भी डोबन गांव निवासी गौरव नौटियाल (17) वर्ष झील में डूब गया था।

सीएम धामी ने किया रुद्रपुर में 2435.11 लाख रुपए की 4 योजनाओं का लोकार्पण

रुद्रपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को नगर निगम रुद्रपुर, उधमसिंह नगर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए 2435.11 लाख रुपए की 4 योजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र रूद्रपुर के अंतर्गत सड़कों के सुधारीकरण हेतु 02 करोड़ की धनराशि देने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा लोकार्पण की गई योजनाओं में रू0 355.28 लाख की ट्रॉजिट कैम्प में सिडकुल रोड से ट्रांजिट कैम्प थाने की ओर 660 मी० डिवाईडर सहित सी०सी० सडक का निर्माण कार्य। रू0 363.93 लाख से नगर निगम वार्ड 1 जेसीस स्कूल से शिमला बहादुर मेन रोड व नयी बस्ती मेन रोड सिडकुल तक सडक निर्माण कार्य, रू0 215.90 लाख की लागत से नगर निगम रूद्रपुर में स्व. सुभाष चतुर्वेदी स्मृति सभागार कार्य एवं रू0 1500.00 लाख से जैविक कूड़े से कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट कार्य शालिम रहा।

इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर निगम स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने पर्यावरण मित्रों द्वारा आयोजित हवन यज्ञ मे भी प्रतिभाग किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र में 24 करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं का लोकार्पण इस क्षेत्र के विकास हेतु अत्यधिक महत्वपूर्ण है। आने वाले समय में रुद्रपुर को कूड़े के पहाड़ से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत राज्य सरकार का लक्ष्य है कि अगले दो-तीन वर्षों में शहरों को कूड़े के ढेरों से मुक्ति मिल जाए और उन्हें ग्रीन जोन में बदला जा सके। प्रदेश भर में हरेला पर्व के अवसर पर एक महीने तक पौधरोपण का कार्य जारी है। हर शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने घर से ही कूड़े का निस्तारण शुरू करें। कूड़े को रियूज करके उनसे कुछ क्रिएटिव चीजें बनाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने उत्तराखंड के प्रत्येक शहर को 'ग्रीन सिटी-क्लीन सिटी' के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है। राज्य सरकार उत्तराखंड के साथ रुद्रपुर के सर्वांगीण विकास हेतु संकल्पित है। नई उमंग से उत्तराखंड को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाया जाएगा। हमारा लक्ष्य विकास की धारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, इसके लिए हम दिन रात प्रयत्नशील हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से अंत्योदय की भावना को आत्मसात करते हुए प्रदेश भी सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने की दौड़ में तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकताओं में से एक है। लंबे समय की मांग को पूरा करते हुए रुद्रपुर रिंग रोड का कार्य किया जा रहा है। जाम की समस्या से निजात दिलाने हेतु मल्टी स्टोरेज पार्किंग का निर्माण कार्य किया जा रहा है। रुद्रपुर खटीमा टनकपुर, एवं रुद्रपुर से गदरपुर - जसपुर सहित देहरादून तक 4 लेन सड़कों का जाल बिछाया गया है। जल्द ही अफजलगढ़ एवं नजीबाबाद के बीच में हाईवे बनने से देहरादून और रुद्रपुर की दूरी और कम हो जाएगी। रुद्रपुर क्षेत्र में जलभराव की स्थिति को सुधारने के लिए चरणबद्ध तरीके से निर्माण कार्य शुरू किया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में उत्तराखंड में विकास के एक नए युग का सूत्रपात हो चुका है। सरकार निरंतर, पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने कड़ा नकल विरोधी कानून लागू किया है। समान नागरिक संहिता को लागू करने हेतु कार्य जारी है। देवभूमि में बरसों से हो रहे अतिक्रमण को हटाए जाने पर भी कार्य जारी है। उन्होंने कहा प्रदेश के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेकों कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश में हर स्तर पर कनेक्टिविटी को सुधारा जा रहा है, उद्योगों के विकास पर बल दिया जा रहा है और भविष्य की आवश्यकताओं को केंद्र में रख कर नीतियां बनाई जा रही हैं। हमारे शहर अब तेजी से आर्थिक गतिविधियों के केंद्र बन रहे हैं और इसी को देखते हुए हम निरंतर अपने शहरों को भविष्य के लिए तैयार करने का प्रयास भी कर रहे हैं।

केन्द्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री युवा, सूझबूझ एवं दूरगामी सोच रखने वाले व्यक्ति है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड का चौमुखी विकास हो रहा है एवं राज्य के अंतर्गत ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर तरक्की कर रहा है।रुद्रपुर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में उत्तराखंड, देश का पहला राज्य है जिसने यूनिफॉर्म सिविल कोड की तैयारी पूरी कर ली है। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण मित्रों का मानदेय बढ़ाने का कार्य किया है। राज्य सरकार ने नजूल नीति लाकर सभी को अपना घर एवं छत देने का मार्ग खोला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नगर निगम से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु हमेशा तत्पर एवं मौजूद रहते है।

गुजरात में भारी बारिश से बिगड़े हालात , दो नेशनल हाइवे बंद, 271 सड़कें भी बंद

अहमदाबाद : मौसम के विभाग के अलर्ट के अनुसार गुजरात सौराष्ट्र में भारी बारिश के चलते हलात बिगड़ गए हैं। अहमदाबाद में भी बारिश के चलते कई अंडरपास बंद कर दिए गए हैं तो वहीं राज्य के कई हिस्सों में अत्यधिक भारी बारिश के बाद दो राष्ट्रीय राजमार्ग किए गए हैं। इनमें पोरबंदर और कच्छ हाईवे शामिल हैं।

इन हाइवे के ऊपर पानी ओवर फ्लो हो रहा था। इसके अलावा ओवरटॉपिंग के कारण 10 स्टेट हाईवे भी बंद हैं। राज्य में 271 पंचायतों में 303 सड़कें भी बंद कर दी गई है। सबसे ज्यादा हालात जूनागढ़ में बिगड़े हैं। तो वहीं दूसरी ओर मौसम विभाग के अलर्ट में कहा गया है कि कच्छ, जामनगर, देवभूमि द्वारका, जूनागढ़ में भारी बारिश जारी रह सकती है। इसके अलावा दक्षिण गुजरात के सूरत, नवसारी और वलसाड के भी रेड अलर्ट जारी किया गया है।

सीबीएसई बोर्ड का ऐतिहासिक फैसला

12वीं तक सभी भारतीय भाषाओं में होगी पढ़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी। सीबीएसई बोर्ड में अभी तक इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई करवाई जाती थी, पर अब बोर्ड ने बड़ा फैसला लिया है। इसके मुताबिक संबद्ध स्कूलों को पूर्व-प्राथमिक से कक्षा 12वीं तक शिक्षा के वैकल्पिक माध्यम के रूप में मातृभाषा का उपयोग करने की अनुमति दी गई है। सीबीएसई के मुताबिक, यह एनईपी 2020 के प्रावधानों के अनुसार है।यह फैसला युवा छात्रों के लिए बहुभाषावाद के महत्त्वपूर्ण संज्ञानात्मक लाभों पर जोर देता है। छात्रों को मातृभाषा पर विशेष ध्यान देने के साथ कई भाषाओं से अवगत कराया जाएगा। बोर्ड की तरफ से जारी एक नोटिस में कहा गया है कि सीबीएसई से संबद्ध स्कूल भारतीय संविधान की अनुसूची आठ में उल्लेखित भारतीय भाषाओं का उपयोग मूलभूत चरण से लेकर माध्यमिक चरण के अंत तक यानी पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं से लेकर बारहवीं कक्षा तक वैकल्पिक माध्यम के रूप में अन्य मौजूद विकल्पों के रूप में करने पर विचार कर सकते हैं।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में महसूस हुए भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 3.2 रही तीव्रता

पिथौरागढ़, एजेंसी। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जानकारी के अनुसार, भूकंप शाम 6 बजकर 34 मिनट पर आया, जिसका केंद्र जमीन से पांच किलोमीटर नीचे पिथौरागढ़ में ही था। भूकंप की तीव्रता 3.2 मापी गई है। राहत की बात है कि क्षेत्र में कहीं से भी जान-माल के नुकसान की कोई खबर नही है।

अल्पसंख्यकों को एक लाख की वित्तीय सहायता देगी तेलंगाना सरकार: सीएम चंद्रशेखर

हैदराबाद , एजेंसी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के निर्णय के अनुसार, राज्य सरकार ने अल्पसंख्यकों को उसी तरह पूर्ण सब्सिडी के साथ एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने का आदेश जारी किया है, जिस तरह राज्य में पिछड़े वर्गों (बीसी) को प्रदान की जा रही है। इस प्रकार, राज्य सरकार ने अल्पसंख्यकों की आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में देश के लिए एक और ऐतिहासिक मिसाल पेश की है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि राज्य सरकार जाति और धर्म से ऊपर उठकर गरीबी उन्मूलन की दृष्टि से काम कर रही है। इसके तहत सरकार पहले से ही सभी वर्गों के गरीबों का समर्थन कर रही है।

IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION
B.H.M. 4 Years | B.Sc. IT 3 Years | B.B.A. 3 Years | B.C.A. 3 Years | C.H.M. 1 Year
• Attractive Scholarships
• Industrial Tour
• Value Added Courses @ 0% cost
• Internship in Leading Companies
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

आईडीपीएल में भवनों के ध्वस्तीकरण पर बवाल

ऋषिकेश। आईडीपीएल में आवासीय कॉलोनी में भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान रविवार को बवाल हो गया। विरोध में स्थानीय लोगों की पुलिस और वनकर्मियों से हाथपाई हुई, इसमें एक बुजुर्ग जख्मी हो गया। प्रशासन और पुलिस की कार्रवाई से भड़के स्थानीय लोगों ने करीब साढ़े तीन घंटे तक नेशनल हाईवे भी जाम किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। विरोध के बावजूद पुलिस ने देर शाम तक एक दर्जन से ज्यादा भवनों को ध्वस्त कर दिया।रविवार सुबह प्रशासन की टीम एडीएम डॉ. एसके बरनवाल की अगुवाई में आईडीपीएल पहुंची। वनकर्मियों और पुलिस फोर्स की मौजूदगी में कंपनी के अधिकारियों के भवनों का ध्वस्तीकरण शुरू हुआ, तो विस्थापन की मांग को लेकर पिछले तीन महीनों से धरने पर बैठे स्थानीय लोग मौके पर आ धमके। उन्होंने कार्रवाई का विरोध करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। उन्हें समझाने के दौरान गहमागहमी में पुलिस और वनकर्मियों से प्रदर्शनकारियों की धक्का–मुक्की हो गई।अफरा–तफरी में आईडीपीएल निवासी 74 वर्षीय अनिल कुमार टंडन जख्मी हो गए। लहुलुहान हालत में पुलिस ने उन्हें आपातकालीन सेवा से सरकारी अस्पताल पहुंचाया।कार्रवाई नहीं थमने पर भड़के स्थानीय लोग आईडीपीएल सिटी गेट के बाहर बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर आ पहुंचे। यहां उन्होंने सुबह करीब नौ बजे जाम लगा दिया। पुलिस को हरिद्वार–ऋषिकेश से आने–जाने वाले वाहनों को हरिद्वार बाइपास मार्ग और बैराज रोड पर डायवर्ट करना पड़ा। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे तक हाईवे जाम रहा। हाईवे जाम करने के बाद भी जारी कार्रवाई को रोकने के लिए स्थानीय लोग दोबारा आवासीय कॉलोनी में पहुंच गए, लेकिन एडीएम ने उनकी एक नहीं सुनी। सुबह से लेकर शाम तक चली कार्रवाई में छह जेसीबी और एक पोकलैंड मशीन से एक दर्जन से ज्यादा भवनों को प्रशासन ने जमींदोज कर दिया।

कर्नल की बेटी को नौकरी का झांसा देकर रुपये ऐंठने वाले पर मुकदमा

देहरादून। कर्नल की बेटी को नौकरी का झांसा देकर रुपये ऐंठने और धमकी देने के आरोप में एक युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले में साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है।

एसओ राजपुर जितेंद्र चौहान ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी कर्नल ने तहरीर दी। बताया कि उनकी बेटी के संपर्क में काफी समय से राजपुर निवासी पीयूष नाम का युवक है। आरोप है कि वह आए दिन उनकी बेटी को नौकरी का झांसा देकर उससे रुपये ऐंठता है। आरोप लगाया कि बेटी की मानसिक स्थित ठीक नहीं है। वह इसका लाभ उठा रहा है। बेटी को मैसेज कर धमकी और गाली–गलौच भी करता है। एसओ जितेंद्र चौहान ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने किया हरबर्टपुर चौक पर प्रदर्शन

विकासनगर। रामपुर में कांवड़ियों पर किए गए पथराव को लेकर रविवार को विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हरबर्टपुर चौक पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। दोनों संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पत्थरबाजों का पुतला भी दहन किया। साथ ही पुलिस–प्रशासन से पत्थरबाजों पर एनएसए और गुंडा ऐक्ट लगाने की मांग करते हुए उनकी संपत्तियों पर बुलडोजर चलवाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने रविवार को हरबर्टपुर चौक पर एकत्रित होकर कांवड़ यात्रियों पर पथराव करने वालों के खिलाफ प्रदर्शन कर उनके खिलाफ एनएसए और गुंडा ऐक्ट के तहत कार्रवाई करने की मांग की। कहा कि कांवड़ यात्रियों को निशाना बनाने वाले आरोपियों की संपत्तियों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया जाना चाहिए, जिससे वे ऐसा दुस्साहस दोबारा न कर सकें। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ उनकी मांगों के अनुरूप दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं की गई तो वह उत्तराखंड बनाओ आंदोलन की तर्ज पर विहिप और बजरंग दल के केंद्रीय नेताओं के नेतृत्व में राज्यभर में उत्तराखंड बचाओ आंदोलन चलाया जायेगा। कहा कि उत्तराखंड में एक समुदाय विशेष का विशेष संगठन उत्तराखंड के साथ साथ पछुवादून में शांतिभंग करने में जुटा है, उसकी सामाजिक, आर्थिक गतिविधियों की जांच कराई जाय। यही नहीं उक्त संगठन को उत्तराखंड में पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जाय, जिससे वह अपने नापाक इरादों के जरिये उत्तराखंड के अमन–चैन को नुकसान न पहुंचा सकें। कहा कि हमारा केंद्रीय नेतृत्व उत्तराखंड की सभी गतिविधियों पर नजर बनाये हुए है।

हरिद्वार सांसद डॉ0 निशंक ने श्री दरबार साहिब में टेका मत्था

देहरादून। हरिद्वार सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ने रविवार को श्री दरबार साहिब में मत्था टेका और श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश की विकास योजनाओं, हरिद्वार व राज्य के भारी बरसात से प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्यों आदि पर चर्चा हुई। सांसद निशंक ने श्री महाराज को स्वरचित पुस्तकों का संकलन भी भेंट किया। डॉ.निशंक ने श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय में उनके द्वारा रचित कुछ पुस्तकों को छात्र–छात्राओं के लिए रखवाने का भी आग्रह किया। सांसद ने श्री गुरु राम राय ग्रुप के संस्थानों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने विशेषरूप से श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं की प्रशंसा की। अस्पताल के डॉक्टरों व स्टाफ के योगदान की भी सराहना की। इससे पहले डॉ.निशंक के श्री दरबार साहिब पहुंचने पर परंपरा के अनुसार स्वागत किया गया। सांसद को श्री दरबार साहिब का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। डॉ. निशंक ने बताया कि थानों में लेखक गांव विकसित किया जा रहा है। उत्तराखंड के ऐसे साहित्यकार, लेखक, कवि जिन्होंने हिन्दी साहित्य एवम समाज के लिए अमूल्य योगदान दिया है, लेकिन किन्हीं कारणों से वे केवल भूली बिसरी यादों में रह गए हैं, लेखक गांव ऐसी महान विभूतियों को समाज के सामने लाने व उन्हें पहचान दिलाने का काम करेगा। उन्होने श्री महाराज जी को लेखक गाव आने का निमंत्रण भी दिया।

19अगस्त को गो प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन

देहरादून। गाय को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने के लिए 19 अगस्त को गो प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश भर से 101 देव डोलियां भी दून आएंगी। रिस्पना पुल स्थित मीनाक्षी होटल में गोमाता–राष्ट्रमाता अभियान के संयोजक गोपाल मणि महाराज की अध्यक्षता में भारतीय गोक्रान्ति मंच की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बताया कि रेसकोर्स मैदान में 19 से 25 अगस्त तक गो–प्रतिष्ठा महोत्सव होगा।

इसमें दिव्य गोकथा, अष्टादश पुराण तथा गोप्रतिष्ठा हेतु कामधेनु महायज्ञ का आयोजन होगा। संत गोपाल मणि महाराज ने कहा कि सभी गो भक्त चाहते हैं देश में रामन्दिर तैयार होने से पूर्व गाय को राष्ट्रमाता का सम्मान मिले। यह मांग अनुच्छेद 25 के तहत पूर्णतः संवैधानिक है। बैठक में तय हुआ कि गो प्रतिष्ठा महोत्सव के पहले दिन 11 हजार भक्तों को शोभायात्रा में शामिल करने का प्रयास होगा। मौके पर बलवीर सिंह पंवार, अशोक मिश्रा, अजयपाल सिंह रावत, शिव प्रसाद ममगांई, शूरवीर मतूड़ा, विपिन जोशी, यशवंत सिंह रावत, आनन्द सिंह रावत, आचार्य राकेश सेमवाल, आचार्य सूरतराम डंगवाल, संतोष खंडूड़ी, उषा पंवार, सुशील गौड़, तुलसीराम बडोनी, भारती सेमवाल, त्रिभुवन चौहान, भुवनेश्वरी नेगी, मीडिया प्रभारी आचार्य डॉ. राम भूषण बिजल्वाण मौजूद रहे।

विद्युत मंत्रालय से सेवानिवृत्ति आईएएस को दी विदाई

ऋषिकेश। टीएचडीसी और एनएचपीसी ने विदाई समारोह आयोजित कर विद्युत मंत्रालय के सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए आईएएस आलोक कुमार को विदाई दी। वक्ताओं ने आलोक कुमार के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। टीएचडीसी के कारपोरेट कार्यालय ऋषिकेश में आयोजित समारोह में टीएचडीसी एवं एनएचपीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक आरके विश्नोई ने आलोक कुमार के विशिष्ट करिअर की सराहना की। कहा कि आलोक कुमार उत्तर प्रदेश कैडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी रहे हैं। अपने तीन दशकों के कार्यकाल के दौरान आलोक कुमार ने राजस्व, परिवहन, विद्युत, हाउसिंग, शहरी नियोजन और हस्तशिल्प सहित कई क्षेत्रों में विभिन्न महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर आईएएस अधिकारी के रूप में कार्य किया है। कहा कि आलोक कुमार ने उत्तर प्रदेश सरकार के लिए ऊर्जा और अतिरिक्त ऊर्जा स्रोतों के प्रमुख सचिव के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं। फरवरी, 2021 से जून, 2023 तक केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के सचिव के रूप में अपने करिअर के शिखर पर पहुंचे। उनके तेजस्वी नेतृत्व और दूरदर्शी नीतियों से भारत में विद्युत क्षेत्र का पूर्ण रूपांतरण हुआ। विद्युत क्षेत्र और देश के समग्र विकास में उनका योगदान बेहद प्रशंसनीय रहा है। आलोक कुमार ने कहा कि देश के समग्र आर्थिक विकास में जल विद्युत क्षेत्र का योगदान और उभरते ऊर्जा व्यवसाय परिदृश्य में टीएचडीसी और एनएचपीसी की भूमिका सराहनीय है। कहा कि आरके विश्नोई के सराहनीय नेतृत्व में टीएचडीसी और एनएचपीसी ने हाइड्रो सेक्टर में बेंचमार्क स्थापित किए हैं। कार्यक्रम का समापन प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका सुश्री महालक्ष्मी अय्यर की मनमोहक प्रस्तुति के साथ हुआ।समारोह में विद्युत मंत्रालय के संयुक्त सचिव मोहम्मद अफजल, निदेशक अशोक कुमार, टीएचडीसीके निदेशक वित्त जे बेहेरा, निदेशक कार्मिक शैलेन्द्र सिंह, निदेशक तकनीकी भूपेन्द्र गुप्ता, एनएचपीसी के निदेशक वित्त राजेंद्र प्रसाद गोयल, निदेशक परियोजनाएं विश्वजीत बसु, निदेशक कार्मिक उत्तम लाल आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

मसूरी में झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना

देहरादून। मसूरी में रविवार शाम साढ़े चार बजे झमाझम बारिश हुई। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ। माल रोड पर भी सन्नाटा पसर गया। इससे पूर्व शहर में सुबह से लेकर अपराहन 3:00 बजे तक चटक धूप खिली रही। शाम को मौसम का मिजाज बदलने के बाद बारिश शुरू हो गई। जिसके बाद मौसम काफी सुहाना हो गया। वह लोगो को गर्मी से भी राहत मिल गई। इस मौके पर पंजाब से मसूरी घूमने आए पर्यटक अमरजीत कौर ने बताया कि मसूरी में दोपहर के समय काफी गर्मी महसूस हो रही थी, लेकिन शाम को मौसम बदलने से यहां पर बारिश शुरू हो गई। इसके बाद मौसम काफी सुहावना हो गया जिसके वे परिवार के साथ आनंद उठा रहे हैं।

रेल कर्मचारियों को आवास सुविधा देने की मांग

देहरादून। नार्दन रेलवे मेंस यूनियन से जुड़े कर्मचारियों ने ऋषिकेश पहुंचे डीआरएम से मुलाकात की। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर रेल कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण की मांग की है।

ऋषिकेश योगनगरी स्टेशन पर सुविधाओं के विस्तार के साथ ही कर्मचारियों को आवास सुविधा देने की मांग की है।शाखा सचिव नरेश गुरुंग ने योगनगरी स्टेशन पर कैरिज एंड वैगन कार्यालय और वाशिंग लाइन में जंगली जानवरों की सुरक्षा के इंतेजाम करने, पुराने ऋषिकेश स्टेशन पर सीएचआई की व्यवस्था करने, खंडहर आवासों को ध्वस्त करने समेत अन्य मांगों के निराकरण की मांग की है। इस मौके पर रमेश कुमार, बीएस राजपूत, आरएस राजपूत, प्रदीप सैनी, मानू वर्मा, अरविंद केशिव आदि मौजूद रहे।

10 लाख रुपये वापस नहीं देने के आरोपी पर केस

देहरादून। धोखाधड़ी के इरादे दस लाख रुपये लेकर वापस नहीं लौटने के आरोपी के खिलाफ क्लेमनटाउन थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एसओ क्लेमनटाउन शिशुपाल राणा ने बताया कि ज्ञान सिंह संधू निवासी हेमावती काटेज, डकोटा रोड ने तहरीर दी। बताया कि वह 85 साल के वरिष्ठ नागरिक हैं।

विधायक प्रीतम ने लिया साहिया में बारिश से हुए नुकसान का जायजा

विकासनगर। जौनसार बावर के साहिया में भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए रविवार को विधायक प्रीतम सिंह प्रशासनिक अमले के साथ पहुंचे। उन्होंने संवेदनशील बस्तियों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही प्रभावितों को हर संभव सहायता मुहैया कराने के लिए तहसील प्रशासन को निर्देशित किया। विधायक ने सीएचसी साहिया, स्वास्थ्य विभाग की आवासीय कालोनी, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय प्राथमिक विद्यालय और अस्पताल के पास की बस्ती में हुए नुकसान का जायजा लिया। बस्ती में बसे 40 परिवारों पर मंडरा रहे खतरे को देखते हुए उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के निर्देश दिए। कहा कि आपदा के दौरान प्रशासन की पहली प्राथमिकता जन हानि को रोकना होनी चाहिए। इसके लिए प्रशासन को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी अधिकारी अपना फोन स्विच ऑफ नहीं करेगा।

इस्कॉन देहरादून ने निकाली कलश यात्रा

देहरादून। श्री पुरूषोत्तम मास के मौके पर इस्कॉन महोत्सव समिति देहरादून में श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन कर रही है। कथा से पहले अनुयायियों ने वन विहार, राम विहार, ओएएनजीसी अस्पताल, राजेन्द्रनगर में कलश यात्रा निकाली। इस्कॉन देहरादून के संयोजक केशव भारती दास ने बताया कि सुबह कलश स्थापना, पूजन के बाद कलश यात्रा निकाली गई। सोमवार से कथा शाम चार बजे से प्रारंभ होगी। तीस जुलाई को पूर्णाहूति, महाप्रसाद वितरण होगा। इस्कॉन वृंदावन से कथा व्यास जानकी नाथ दास भागवत कथा के लिए दून पहुंचे हैं। मौके पर इस्कॉन से जुड़े विश्वनाथ कोहली, हितेश प्रभु, रामस्वरुप भाटिया, सतीश प्रभु, मदन मोहन चौबे, जीएस नेगी, रविन्द्र शर्मा मौजूद रहे।

मतदाता बनाने के लिए घर—घर सर्वे प्रारंभ

देहरादून। मतदाता सूची, सत्यापन के लिए 21 जुलाई से प्रदेश में विशेष पुनरीक्षण अभियान शुरू हो गया है। इसके तहत आगामी 21 अगस्त तक बीएलओ घर– घर आकर, प्रत्येक मतदाता का सत्यापन करेंगे, साथ ही नए मतदाता भी बनाए जाएंगे।आगामी लोकसभा चुनावों से पहले वोटर लिस्ट अपडेट करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने 21 जुलाई से विशेष अभियान शुरू कर दिया है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. वी षणमुगम ने बताया बीएलओ 21 अगस्त तक घर– घर आकर, मौजूदा मतदाताओं का सत्यापन करेंगे।इस दौरान ऐसे मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जाएंगे, जो लगातार अपने निवास स्थान से अनुपस्थित हैं, साथ ही मृत और दो जगह नाम वाले मतदाताओं के नाम भी हटाए जाएंगे। इसी अभियान के दौरान एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्तूबर को 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले युवाओं का पंजीकरण भी किया जाएगा।इसी आधार पर 17 अक्तूबर को प्रारंभिक वोटर लिस्ट जारी करते हुए, 30 नवम्बर तक इस पर दावे – आपत्तियां दर्ज की जाएंगी। इसी मध्य चार– पांच और 25– 26 नवम्बर को मतदाता पंजीकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। 26 दिसम्बर तक इन दावों और आपत्तियों को निस्तारित किए जाने के बाद, आगामी एक जनवरी 2024 के आधार पर तैयार वोटर लिस्ट का पांच जनवरी को अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

सीएचसी साहिया को बचाने की कवायद शुरु

विकासनगर। अमलावा नदी के उफान पर आने भूस्खलन की जद में आ चुके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साहिया को बचाने के लिए प्रशासन सतर्क हो गया है। अस्पताल भवन की ओर जाने वाले बहाव को जेसीबी से दूसरी ओर मोड़ा जा रहा, जिससे भवन के नीचे हो रहे भू–कटाव को रोका जा सके। अमलावा के उफान के इतिहास को देखते हुए प्रशासन की कवायद कितनी कारगर होती है, यह तो चौमासा समाप्त होने के बाद ही पता चलेगा।

बीते दो दिनों हुई भारी बारिश से अमलावा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। अमलावा के उद्गम क्षेत्रों में अभी भी बारिश जारी है, जिससे जलस्तर और बढ़ने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में खतरे की जद में आ चुके सीएचसी साहिया के भवन को अमलावा के बहाव से रोकने के लिए प्रशासन ने रविवार से नदी का रुख बदलने की कवायद शुरू कर दी है। हालांकि स्थानीय जानकार बताते हैं कि पहले भी कई बार बस्तियों का बचाने के लिए अमलावा का रुख बदलने की कोशिश की गई, लेकिन जलस्तर बढ़ने पर नदी अपने मूल बहाव की दिशा में ही बहने लगती है, जिससे बड़ा नुकसान होता है। अभी चौमासा शुरू ही हुआ है, जैसे जैसे बरसात चरम पर पहुंचेगी वैसे ही अमलावा का वेग भी बढ़ेगा। लिहाजा सिर्फ नदी का रुख बदलने से ही सीएचसी के भवन समेत खतरे की जद में आ चुके अन्य बस्तियों से खतरा टलना मुश्किल है। इसके लिए स्थाई उपाय किए जाने जरूरी हैं। वहीं प्रशासन का पूरा जोर फिलहाल सीएचसी पर मंडरा रहे खतरे को कम करने पर लगा हुआ है। इसके लिए नदी का रुख दूसरी ओर किया जा रहा है। जिससे नदी का वेग बढ़ने पर पानी एक ही दिशा में बहने के बजाय दूसरी ओर भी मुड़ जाए। बहरहाल, प्रशासन की कवायद कितनी सफल होती है, यह आने वाला वक्त ही बताएगा।

खतरे की जद में आ चुकी सीएचसी साहिया को बचाना प्राथमिकता है। इसके लिए फौरी तौर पर जो भी उपाय हो सकते हैं, वो किए जा रहे हैं। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को स्थाई समाधान तलाशने के निर्देश भी दिए गए हैं।

मसूरी में तीन वाहनों के शीशे तोड़कर सामान चोरी

देहरादून। मसूरी में हैंपटन कोर्ट से क्लिप काटेज जाने वाले मार्ग पर खड़े तीन कारों के शीशे तोड़कर उनमें रखा सामान चोरी कर दिया गया। इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। पुलिस घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

अटेर स्टेट निवासी वाहन स्वामी विपुल रौथाण ने बताया कि उन्हें कार के शीशे टूटे ही सूचना स्थानीय लोगों ने दी। कार में रखा सामान भी चोरी किया गया था। एसओ मसूरी शंकर बिष्ट ने बताया कि एक वाहन स्वामी ने मुकदमा कराया है। इसकी जांच की जा रही है। इधर, चोरी की घटनाओं को लेकर व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त किया है।

संजय अध्यक्ष व संजीव बने सचिव

ऋषिकेश। रोटरी क्लब ऋषिकेश के अधिष्ठापन समारोह में संजय अग्रवाल को क्लब का अध्यक्ष और संजीव शर्मा को सचिव की शपथ दिलाई गई। रविवार को रेलवे रोड स्थित होटल में रोटरी क्लब ऋषिकेश का अधिष्ठापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडिशनल असिस्टेंट डायरेक्टर जीएसटी सुनील शाह ने किया।

उन्होंने कहा कि क्लब प्रत्येक क्षेत्र में जरूरतमंदों की मदद कर सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय अग्रवाल को बधाई दी। पूर्व अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने संजय अग्रवाल को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। वहीं संजीव शर्मा को सचिव व पवन नागपाल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान सभी नवनियुक्त अधिकारियों ने शपथ ली। मौके पर बद्री केदार मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य भास्कर डिमरी, क्लब के असिस्टेंट गवर्नर नितिन गुप्ता, क्लब ट्रेनर नवनीत नागलिया, पूर्व सचिव विशाल तायल, सीए चंद्रशेखर शर्मा, रविंद्र अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, अजीत सिंह, गोपाल अग्रवाल, जितेंद्र बर्थवाल, शैलेंद्र अग्रवाल, राजीव गर्ग, सुशील गोयल, राजेंद्र गौतम आदि उपस्थित रहे।

आइंविपा कार्यकर्ताओं ने मणिपुर घटना के खिलाफ प्रदर्शन किया

विकासनगर। मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई घटना के खिलाफ आइंविपा ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। आइंविपा का कहना है कि मणिपुर की जो घटना सामने आई है। वो किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मसार करने वाली घटना है। कहा कि मणिपुर की इन बेटियों के साथ जो हुआ है, इसको कभी माफ नहीं किया जा सकता है। प्रदर्शनकारियों को सेलाकुई में आयोजित सभा को सबोधित करते हुए आइंविपा अध्यक्ष आकिल अहमद ने कहा कि मणिपुर में हिंसा हो रही है ओर सरकार तमाशा देख रही है। महिलाओं के साथ जो दुष्कर्म हुआ वो बहुत ही शर्मनाक है। महिलाओं को उनके घरों से बाह निकालकर सरेआम उनके साथ दुष्कर्म किया गया।

प्रेमनगर में पौधरोपण से दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

देहरादून। सिटीजन क्लीन एंड ग्रीन एनवायरमेंट ने हरेला पर्व के तहत प्रेमनगर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चकराता विधायक प्रीतम सिंह भी शामिल रहे। उन्होंने पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। कहा कि मानव और प्रकृति का गहरा नाता है। जहां प्रकृति है, वहां जीवन है और जब इसी प्रकृति को क्षति पहुंचती है तो जीवन पर भी असर पड़ता है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा, प्रेमनगर व्यापर अध्यक्ष राजीव पुंज, दीवान सिंह बिष्ट, राजेश शर्मा, म फकीर चन्द्र खेत्रपाल, लालचन्द खेत्रपाल, अशोक सहगल, भूषण भाटिया, विक्की खन्ना, सूरज भाटिया, राम कपूर, मंजू थापा, बलविन्द्र, अन्नु शर्मा मौजूद रहे।

भाजयूमो ने हरेला पर्व को समर्पित साइकिल रैली निकाली

देहरादून। प्रकृति संरक्षण को समर्पित लोकपर्व हरेला के मौके पर भाजयुमो महानगर ने पर्यावरण संदेश साइकिल यात्रा का आयोजन किया। साइकिल यात्रा भाजपा महानगर कार्यालय से राजपुर रोड पर निकाली गई। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री अजेय कुमार ने साइकिल रैली का शुभारंभ किया। युवा मोर्चा महानगर देहरादून प्रभारी संकेत नौटियाल, युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में साइकिल यात्रा निकाली गई। अजेय कुमार ने कहा कि पूरे प्रदेश भर में हरेला के माध्यम से पौधारोपण का सघन अभियान चल रहा है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने और साइकिल चलाने की अपील की। महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा देवेंद्र बिष्ट ने युवाओं से हफ्ते मे एक दिन साइकिल चलाने की अपील की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष अर्चित डावर, तरुण चमोली, चंद्र सागर उनियाल, शशांक गुसाईं, आशीष रावत, सूरज खत्री, नितिन मिश्रा, दीपक फर्तियाल उपस्थित रहे।

भारी बारिश से गांव में तबाही, रास्ता भी ढहा

चौबट्टाखाल के ग्राम संदणा, नागद, दिगला तौक में हुआ नुकसान

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः पर्वतीय क्षेत्रों में बरिश का दौर जारी है। ऐसे में यह बारिश ग्रामिणों के लिए मुसीबत भी बन रही है। चौबट्टाखाल के ग्राम संदणा, नागद, दगला तौक में बारिश से भारी नुकसान हुआ है। क्षेत्र में नवनिर्मात मोटर मार्ग का अधिकांश हिस्सा बह गया है। ऐसे में ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

देर रात हुई बारिश ने संदणा–नागद–दगला तौक का नवनिर्मित मोटर मार्ग ढह गया। साथ ही ग्रामीणों के कई खेतों को भी नुकसान हुआ है। बरसात के पानी व मलबा गांव तक पहुंच गया। मलबे के कारण ग्रामीणों के खेतों में खड़ी फसल व सब्जी पूरी तरह बर्बाद हो गई। जगह–जगह मार्ग ढहने से ग्रामीणों के समक्ष आवागमन का भी संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी बीमार व गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक पहुंचाने में हो सकती है। वहीं अणेथ गांव में भी ग्रामीणों के पैदल चलने का आग रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है। डाबर गांव में भारी वर्षा से राम बिलास की गौशाला पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। सूचना के बाद प्रशासन की टीम ने भी आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए ग्रामीणों को जल्द व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का आश्वासन दिया।

फुटबॉल प्रतियोगिता में बालिकाओं ने दिखाया दम

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः राज्य स्तरीय सुब्रतो कप फुटबाल टूर्नामेंट में लीलावती जीआईसी निसनी की छात्राओं ने बेहतर खेल का प्रदर्शन दिखाते हुए तीसरा स्थान हासिल किया है। छात्राओं की इस उपलब्धि पर स्कूल परिवार के साथ ही खिलाड़ियों में खुशी बनी हुई है।

बालिकाओं की टीम के कोच एवं जीआईसी निसनी के पीटीआई जगमोहन बिष्ट, टीम मैनेजर जीआईसी पैठाणी की शिक्षिका माधुरी रमोला ने बताया कि देहरादून के पवेलियन ग्राउंड में आयोजित सुब्रतो कप फुटबाल प्रतियोगिता में बालिका अंडर 17 वर्ग में पौड़ी जिले का प्रतिनिधित्व लीलावती जीआईसी निसनी की बालिकाओं द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में लीलावती जीआईसी निसनी की बालिकाओं द्वारा तीसरे स्थान करते हुए मैच में देहरादून का प्रतिनित्व कर रही नवोदय विद्यालय की टीम को 2–0 से हराया। टीम को इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए निसनी के धीरेंद्र सिंह रावत द्वारा 5 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। साथ ही निसनी के ही दिनेश रावत का भी विशेष सहयोग रहा । लीलावती जीआईसी निसनी के स्कूल परिवार की तरफ से बालिकाओं की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की गई है।

राष्ट्रीय राजमार्ग व मुख्य मार्गों पर खड़ी मौत, सिस्टम नहीं दे रहा ध्यान

एनएच व अन्य मार्गों पर नियमों के विरुद्ध लगाए गए हैं विद्युत ट्रांसफार्मर , शिकायत के बाद भी ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने की सुध नहीं कर रहा ऊर्जा निगम

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ही अन्य मुख्यमार्गों पर खड़े ट्रांसफार्मर व विद्युत पोल हादसों को न्यौता दे रहे हैं। शिकायत के बाद भी ऊर्जा निगम विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने की सुध नहीं ले रहा। जर्जर हालत में खड़े कई विद्युत पोल व ट्रांसफर्मार कब लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। ऐसे में सबसे अधिक खतरा बरसात के दौरान बना रहता है।

पदमपुर चौराहे से सिम्मलचौड़ को जाने वाले मार्ग पर एक दर्जन से अधिक विद्युत पोल व ट्रांसफर्मार खड़े हैं। इनमे से अधिकांश विद्युत पोल नीचे से खोखले भी हो चुके हैं। ऐसे में यह कब धराशाई हो जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। वहीं, राजकीय बेस चिकित्सालय से करीब आधे किलोमीटर आगे बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एसबीआइ बैंक के पास भी ऊर्जा निगम ने नियम विरूद्ध ट्रांसफार्मर लगाया हुआ है। नियमानुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग से 20 फीट की दूरी पर इसे लगाया जाना था। लेकिन, ऊर्जा निगम ने लापरवाही दिखाते हुए इसे राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे ही खड़ा कर दिया था। यही नहीं इसके ठीक सामने एक पेट्रोल पंप भी है। सरकारी सिस्टम की यह लापरवाही कुंभीचौड़ से सनेह को जाने वाले तिराहे पर भी देखने को मिल रही है। जहां तिराहे के बीच में ही ऊर्जा निगम का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। ट्रांसफर्मर के आसपास सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध भी नहीं किए गए हैं। गाड़ीघाट तिराहे के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रांसफर्मार की यही स्थिति बनी हुई है। उक्त ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से पूर्व में कई गोवंशों की मौत भी हो चुकी है। बावजूद सरकारी सिस्टम लापरवाह बना हुआ है।

रात के अंधेरे में होती है समस्या

राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य सड़कों के किनारे लगए ट्रांसफार्मर रात के अंधेरे में दिखाई नहीं देते। ऐसे में हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। पदमपुर निवासी हरेंद्र सिंह, अर्चना देवी ने बताया कि ट्रांसफार्मर को हटवाने के लिए कई बार ऊर्जा निगम को शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, आज तक कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर झांकने तक नहीं पहुंचा।

कोटद्वार में पदमपुर क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ा ट्रांसफार्मर

नशा तस्करों की संपत्ति करें कुर्कः एसएसपी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीःप्रभारी साइबर सेल, एएनटीएफ, सीआईयू, एएचटीयू व प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मणझूला के साथ समीक्षा बैठक में एसएसपी ने नशे की तस्करी करने वाले अभियुक्तों से व्यावसायिक मात्रा में नशे का सामान बरामद होने पर संपत्ति कुर्क करने के निर्देश दिए। कहा कि नशे का व्यापार करने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाए जाए और नशे के खिलाफ अभियान को लगातार जारी रखा जाए।

बैठक में एसएसपी श्वेता चौबे ने पुलिस अफसरो को नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रखने के निर्देश दिए। बताया गया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स व सभी थानों द्वारा अभी तक अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 53 व्यक्तियों के विरुद्ध 46 अभियोग पंजीकृत किए हैं। साथ ही इसी अवधि में अवैध शराब की तस्करी करने वाले 79 व्यक्तियों के विरुद्ध 78 अभियोग पंजीकृत किए हुए हैं। एसएसपी ने एनडीपीएस एक्ट के मामलों में अभियुक्तों से व्यावसायिक मात्रा में नारकोटिक्स मादक पदार्थ बरामद होने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उनकी संपति कुर्क करने के निर्देश दिए। साइबर सैल द्वारा जनवरी से अभी तक 51 मामलों में साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्तियों के खातों में कुल 20 लाख से अधिक की धनराशि वापस कराई।एएचटीयू पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन मुक्ति अभियान के तहत अभी तक 134 भीख मांगने वाले बच्चों के दाखिले स्कूलों में कराए। जो वर्तमान में स्कूलों में जाकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। एसएसपी ने उनके सत्यापन के साथ–साथ बच्चों की आवश्यकता के अनुसार बैग, जूते, किताबें आदि एनजीओ के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

शिक्षकों के हित में कार्य करने का लिया संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः राजकीय शिक्षक संघ की नवनिर्वाचित प्रांतीय कार्यकारिणी का पौड़ी मुख्यालय के राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज में स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जिले के शिक्षकों व जिला कार्यकारिणी द्वारा पारंपरिक वाद्य यंत्रों ढोल दमाऊ के साथ बड़े उत्साह एवं गर्मजोशी से अभिवादन किया। इस दौरान सदस्यों ने शिक्षकों के हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

पौड़ी में राजकीय शिक्षक संघ की नवनिर्वाचित प्रांतीय कार्यकारणी का स्वागत करते शिक्षक

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह चौहान ने कहा कि एक बड़ी जीत के साथ मेरी जिम्मेदारी और भी बड़ी हो गई है। मेरा पहला प्रयास होगा कि शिक्षकों के हित में एवं विभिन्न लंबित प्रकरणों के समाधान के लिए प्रयासरत रहूंगा। प्रदेश महामंत्री रमेश चंद्र पैन्यूली ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए राजकीय शिक्षक संघ एवं प्रदेश के तमाम संगठन जो कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रयासरत हैं सभी मिलकर एक मंच पर साथ आकर काम करने का प्रयास करेंगे और साथ ही सभी स्तरों पर पदोन्नति शीघ्र की जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने कहा कि वे कार्यकारिणी की एकजुटता के साथ सभी प्रकरणों का निस्तारण के लिए प्रयासरत रहेंगे।

प्रदेश संयुक्त मंत्री जगदीश सिंह बिष्ट ने भी कार्यकारिणी एवं शिक्षकों के सहयोग से सभी समस्याओं के समाधान करने का भरोसा दिलाया। प्रदेश कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह सजवाण ने कहा कि एक लंबे समय बाद प्रदेश कार्यकारिणी निर्वाचित हुई है, इसलिए जो अपेक्षाएं शिक्षकों की कार्यकारिणी से उन्हें पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। मंडलीय मंत्री हेमंत पैन्यूली ने प्रांतीय कार्यकारिणी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हुए कार्यों को शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में अभिनंदन पत्र के साथ साथ जनपद अध्यक्ष बलराज सिंह गुसाईं एवं मंत्री विजेंद्र सिंह बिष्ट ने भी अपने जनपद के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित मांग पत्र प्रदेश कार्यकारिणी को सौंपा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पौड़ी जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी डा. आनंद भारद्वाज ने भी हिस्सा लिया।

इस मौके पर जिला संरक्षक जयदीप रावत, जनपद उपाध्यक्ष मनोज काला, पूर्व जनपद अध्यक्ष मेहरबान सिंह भंडारी, पूर्व मंडलीय मंत्री देवेंद्र सिंह रावत, पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह रावत, भवान सिंह नेगी, संग्राम सिंह नेगी, पदमेंद्र सिंह रौथाण, जयकृत भंडारी, भरत बुटोला, पंकज मुयाल, राकेश भारती, सत्येंद्र राणा, गजेंद्र रावत, विजेंद्र तोमर, संजय सिंह रावत, शिक्षा रावत, राकेश मोहन कंडारी, जसपाल गुसाईं, देवेंद्र सिंह रावत, मनमोहन सिंह विष्ट, राजेंद्र गैरोला, उषा रावत, पार्वती ध्यानी आदि शामिल रहे।

ग्राम पंचायत डांगी में किया पौधारोपण, संरक्षण का संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः विकास खंड कल्जीखाल के ग्राम पंचायत डांगी में हरेला सप्ताहिक पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान विभिन्न पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल पीएलवी जगमोहन डांगी, ग्राम पंचायत प्रधान भगवान सिंह चौहान, वन पंचायत सरपंच अर्जुन सिंह लिंगवाल, वन विभाग के फोरेस्ट गार्ड प्रदीप कुमार एवं मेहरबान सिंह नेगी ग्राम प्रधान बुटली प्रतिनिधि सोहन सिंह डांगी, महिला एवं युवक मंगल दल के सभी सम्मानित सदस्यों एवं ग्रामवासी ने पौधा रोपण किया। पीएलपी जगमोहन डांगी ने बताया वह अपने गांव के प्राकृतिक जल स्त्रोत जो उनके पूर्वजों की विरासत के रूप में धरोवर है। उसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए हर साल 20 –25 पेड़ लगाते हैं। ताकि ग्रीष्म कालीन में गांव में पानी की किल्लत न हो।

बाघ से निजात को क्षेत्र में लगवाए पिंजरा

कांग्रेस ने प्रभागीय वनाधिकारी को भेजा ज्ञापन

प्रभागीय वनाधिकारी को ज्ञापन भेजते कांग्रेसी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः रिखणीखाल क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे बाघ के आतंक पर कांग्रेस कार्यकार्ताओं व पदाधिकारियों ने रोष व्यक्त किया है। सदस्यों ने प्रभागीय वनाधिकारी को ज्ञापन भेजते हुए बाघ प्रभावित क्षेत्रों में पिंजरा लगवाने की मांग की है। कहा कि ग्रामीणों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद रावत के नेतृत्व में सदस्यों ने प्रभागीय वनाधिकारी को ज्ञापन भेजा। बताया कि रिखणीखाल क्षेत्र में लगातार बाघ का आतंक बढ़ता जा रहा है। दो दिन पूर्व ही बाघ ने ग्राम झर्त निवासी विशंबरी देवी को अपना निवाला बनाया था। इससे पूर्व भी बाघ कई ग्रामीणों को अपना निवाला बना चुका है। क्षेत्र में बढ़ रही बाघ की धमक से ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल होता जा रहा है। बच्चे स्कूल भी नहीं जा पा रहे हैं। बाघ के आतंक के कारण क्षेत्र से लगातार पलायन भी हो रहा है। कहा कि ग्रामीणों को बाघ से निजात के लिए वन विभाग को गंभीरता से कार्य करना होगा। प्रभावित क्षेत्रों में वन कर्मियों की गश्त बढ़ाने के साथ ही बाघ को कैद करने के लिए पिंजरे लगवाए जाने चाहिए। इस मौके पर राजेंद्र सिंह, विनय पाल, रवींद्र रावत, देवा देवी आदि मौजूद रहे।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का 155 लोगों ने उठाया लाभ

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः रोटरी क्लब के तत्वाधान व मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल देहरादून के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 155 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाइयां दी गई।

स्वास्थ्य शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक

नजीबाबाद रोड स्थित रोटरी कॉम्प्लेक्स में आयोजित उक्त शिविर का शुभारंभ मैक्स हॉस्पिटल देहरादून के जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप मैन्दोला ने किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में आधुनिक जीवन शैली व मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग के कारण गर्दन,रीढ़ व नसों की बीमारी बढ़ रही है। इससे बचने के लिए नियमित व्यायाम करते रहना चाहिए । रोटरी अध्यक्ष कुलदीप अग्रवाल ने कहा कि सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा समय– समय पर लगने वाले इन स्वास्थ्य शिविरो का लाभ उठाना चाहिए। शिविर में 155 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की गई। शिविर में डा. वैभव, डा. प्रत्युश सिंधल, डा. अखिलेश जखमोला, डा. अमित सैनी ,डा. निधि तिवारी व डा. नमिता अग्रवाल मरीजो की जांच की। इस दौरान प्रतिभा गुप्ता, सचिन गोयल, ज्योति स्वरूप उपाध्याय, अमित अग्रवाल, मनीष अग्रवाल ,संजीव अग्रवाल, गोपाल बसंल, वाई पी गिलरा और अशोक अग्रवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

संबद्धता मामले में राठ महाविद्यालय पैठाणी को भी मिला स्टे

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः राठ महाविद्यालय पैठाणी को एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय से असंबद्धता प्रकरण पर हाईकोर्ट ने स्टे दे दिया है। कोर्ट स्टे की जानकारी कॉलेज के प्राचार्य डॉ जीतेंद्र नेगी ने दी है। प्राचार्य डॉ जितेंद्र नेगी ने बताया कि यह निर्णय छात्र हित में है। केंद्रीय विश्वविद्यालय की कार्य परिषद ने जिन 10 कॉलेजों की संबद्धता समाप्त कर दी थी उनमें राठ महाविद्यालय पैठाणी भी शामिल था।

प्राचार्य के मुताबिक कार्य परिषद ने ऐसे समय निर्णय लिया जो उचित नही था और अंतिम विकल्प कोर्ट ही था। कहा कि सभी पक्षों से इस नीतिगत मसले को सुलझाने चाहिए। संबद्धता विवाद उचित नहीं है। सालों पहले गढ़वाल के कॉलेज आगरा विश्वविद्यालय से संबद्ध थे, फिर गढ़वाल विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद गढ़वाल विश्वविद्यालय में आ गए। केंद्रीय विश्वविद्यालय बनने के बाद बहुत कॉलेज श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय में भी गए। जबकि 10 कॉलेज अभी भी केंद्रीय विश्वविद्यालय में ही हैं। विश्वविद्यालय से एक बार फिर वर्तमान सत्र के लिए सीयूईटी से छूट की मांग भी की है। कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को भी केंद्रीय विश्वविद्यालय की डिग्री हासिल करने का हक है। इधर, राठ महाविद्यालय छात्र परिषद ने भी स्टे मिलने पर खुशी जताई है।

सत्ता में बैठकर जनता का शोषण कर रही भाजपा सरकारः हिंदवाण

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता गिरिराज किशोर हिंदवाण ने भाजपा के कार्यकाल को निराशाजनक बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल को लगभग सवा छह साल का समय हो गया है, लेकिन बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रदेश में कानून व्यवस्था ठप है। महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। भाजपा के नेता सत्ता में बैठकर जनता का शोषण कर रहे हैं।

लैंसडौन में पत्रकारों से वार्ता करते गिरीराज किशोर हिंदवाण।

लैंसडौन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य ठप हो गये हैं। आपदा से पर्वतीय क्षेत्रों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सडकें टूट गई हैं। सिचाई की नहरें भी रेत, मिट्टी से भर चुकी है। किसानों के खेत– खलिहान बह चुके हैं, लेकिन प्रदेश सरकार आंखें मूंदे मूकदर्शक बनी हुई हैं। रिखणीखाल ब्लाक के झर्त में एक महिला को बाघ द्वारा निवाला बनाए जाने पर दुख जताते हुए उन्होंने कहा कि जंगली जानवरों से ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए है, जिससे आए दिन ग्रामीण बाघ का निवाला बन रहे है।

माहवारी स्वच्छता एवं जागरूकता को लेकर सोच संस्था ने पहल गांव में चलाया अभियान

अल्मोड़ा। सोच संस्था ने रविवार को अल्मोड़ा जनपद स्थित पहल गांव में मासिक धर्म स्वच्छता एवं जागरूकता को लेकर अभियान चलाया। जागरूकता अभियान में सोच संस्था द्वारा महिलाओं को माहवारी सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी मुहैया करवाई गई। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित संस्था की ओर से हिमांशी एवं प्रियंका द्वारा महिलाओं को माहवारी चक्र के दौरान होने वाली अनियमित बीमारियों पीसीओडी पीसीओएस से अवगत करवाया गया। साथ ही इस दौरान माहवारी के दौरान पैड बदलने की अवधि, उचित देखरेख एवं खानपान सम्बंधित जानकारी भी मुहैया करवाई गई। इसके साथ ही हिमांशी ने महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर को लेकर भी जानकारी दी। संस्था की ओर से दीपिका पुनेठा ने पीरियड्स के दौरान दर्द से आराम देने वाले योग अलग अलग आसनों और प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में जानकारी दी। पहल जागरूकता कार्यक्रम में सोच संस्था द्वारा महिलाओं को निशुल्क रूप से सेनिटरी पैड्स भी वितरित किये गए। कार्यक्रम में सोच संस्था के कोषाध्यक्ष राहुल जोशी ने कहा कि माहवारी को लेकर शर्म टूटने एवं खुली विचार विमर्श को लेकर उनकी संस्था संकल्पबद्ध है। उन्होंने इस दौरान आगे की परियोजना के बारे में बताते हुए कहा कि आगामी महीनों में उनके कार्यक्रम विभिन्न जनपदों (पिथौरागढ़, नैनीताल और बागेश्वर) में प्रस्तावित हैं।

सड़क में निर्माण सामाग्री डालने पर 15 हजार का चालान

पिथौरागढ़। नगर में पुलिस ने भवन निर्माण सामाग्री सड़क पर फैलाकर यातायात प्रभावित करने पर दो लोगों का 15हजार का चालान काटा है। प्रभारी निरीक्षक चंचल शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने लिंक रोड क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस को सड़क में रेता पड़ा हुआ मिला। पुलिस ने कविंद्र भट्ट का 5हजार व अर्जुन सिंह का 10हजार का चालान काटा। टीम में एसआई आरती शामिल रही।

चम्पावत। भारी बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में नुकसान पहुंचा है। बारिश से सीमांत सौराई गांव का संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे ग्रामीणों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है। बीते दिन हुई भारी बारिश से सीमांत सौराई गांव का संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ट्राई क्लब ने किया रेन रन मैराथन का आयोजन

हल्द्वानी। गौलापार में ट्राई क्लब ने रेन रन मैराथन का आयोजन किया। इसमें युवाओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। विनीता गुप्ता, रितु कुकरेती, कुलदीप यादव, विनोद मेहता अव्वल रहे। रविवार सुबह पांच बजे गौलापार के खेड़ा में मैराथन का आयोजन किया गया। शंकर अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर के डारेक्टर डॉ.योगेश शर्मा और अर्जुन बिष्ट ने हरी झंडी दिखाई। आयोजक विशाल नेगी ने बताया कि मैराथन में 6 साल से 83 वर्ष तक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। महिलाओं में विनीता प्रथम, आशा द्वितीय और ज्योति तृतीय रहीं। पुरुषों में कुलदीप प्रथम, गौरव द्वितीय और पुनीत तृतीय रहे। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

सीएम से की कॉलेज के प्राचार्य को हटाने की मांग

चम्पावत। छात्र संघ अध्यक्ष और एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के प्राचार्य को हटाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने सीएम धामी से मुलाकात की। कार्यकर्ताओं ने कॉलेज में सीट बढ़ाने की मांग की। एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री विवेक पुजारी और छात्र संघ अध्यक्ष मयंक ढेक के नेतृत्व में कार्यकर्ता सीएम पुष्कर सिंह धामी से मिले। उन्होंने सीएम को ज्ञापन देकर प्राचार्य पर बीए प्रथम सेमेस्टर में सीट नहीं बढ़ाए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने प्राचार्य को हटाने की मांग की। साथ ही उन्होंने बीए प्रथम सेमेस्टर में सीट बढ़ाने को कहा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि भ्रष्टाचार छिपाने के लिए रजिस्टर फाड़े गए हैं। उन्होंने इस मामले की जांच की भी मांग की। कार्यकर्ताओं ने बताया कि सीएम धामी ने उन्हें समस्याओं का निराकरण करने और सीट बढ़ाने का आश्वासन दिया है। सीएम से मिलने वालों में छात्र संघ कोषाध्यक्ष सागर सिंह ढेक, संयुक्त सचिव गौरव पांडेय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीरज सक्टा, रितिक ढेक, यश बोहरा, कार्तिक धौनी आदि मौजूद रहे।

लगातार हो रही चोरियों और नशाखोरी से व्यापारी नाराज

चम्पावत। लोहाघाट में लगातार हो रही चोरियों और नशाखोरी से व्यापारियों में नाराजगी है। इसी को लेकर जन प्रतिनिधि, व्यापारी व अन्य संगठनों के लोग सोमवार को जुलूस निकालेंगे। शीघ्र अंकुश नहीं लगाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। लोहाघाट में रविवार को व्यापारियों ने बैठक का आयोजन किया। बैठक में व्यापारियों ने कहा कि नगर में आए दिन चोरी हो रही है। अराजक तत्व उत्पात मचा रहे हैं। क्षेत्र के युवा तेजी से स्मैक की चपेट में आ रहे हैं। होटलों में खुले आम शराब परोसी जा रही है। लेकिन पुलिस इन सब में अंकुश लगाने में नाकामयाब साबित हो रही है। कहा कि एक सप्ताह के अंदर नगर से दो स्कूटी चोरी हो गई है। पुलिस पीड़ितों की एफआईआर तक नहीं लिख रही है।

व्यापारियों ने तय किया कि सोमवार सायं तीन बजे नगर पालिका बारात घर से एसडीएम कोर्ट तक जुलूस निकाला जाएगा।

अंडर—19 क्रिकेट प्रतियोगिता फाइनल मैच में विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

अल्मोड़ा। विगत दिनों मॉडल फील्ड में आयोजित अंडर–19 क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को आज पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने अपने कैम्प कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से आयोजित किए गए भव्य कार्यक्रम में मेडल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया एवं उनका उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही अल्मोड़ा अंडर–19 के क्रिकेट खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया। कर्नाटक ने खिलाड़ियों को दिए अपने सम्बोधन में क्रिकेट के गुर भी सिखाए। उन्होंने कहा कि जिस भी खिलाड़ी के अन्दर प्रतिभा है वो अपनी पूरी मेहनत करें। यदि ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों को खेल सामग्री या अन्य कोई दिक्कत है तो उस खिलाड़ी की हर सम्भव मदद के लिए वे तैयार हैं। कर्नाटक ने कहा कि पहले समय में खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने के बहुत कम मौके थे। परन्तु वर्तमान में उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए अनेक मौके हैं। कर्नाटक ने कहा कि मेहनत का कोई भी विकल्प नहीं है। अगर खिलाड़ियों को आगे बढ़ना है तो मेहनत करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि क्रिकेट को केवल एक खेल की तरह ना खेलकर युवा इस तरह से खेलें की इसमें आगे चलकर वे अपना कैरियर भी बना सकें और और अपनी प्रतिभा के दम पर अपने क्षेत्र का, अपने जिले का, अपने प्रान्त का और विश्वपटल पर अपने देश का नाम रोशन कर सके। कर्नाटक ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील भी की। यहाँ कार्यक्रम में मोहित बिष्ट, राकेश मनराल, कार्तिक कुमार, कुनाल आर्या, आदर्श, दिव्यांशु, लकी रावत, भार्गव भण्डारी, सचिन कुमार, आदित्य सहित प्रतियोगिता के प्रतिभागी खिलाड़ी उपस्थित रहे।

जागेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति नहीं है आरटीआई के दायरे में: जिलाधिकारी

अल्मोड़ा। विगत दिनों मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा था कि जागेश्वर मन्दिर प्रबंधन समिति आरटीआई के दायरे में आ गया है जिसमें समिति प्रबंधक लोक सूचना अधिकारी और उपजिलाधिकारी प्रथम अपीलीय अधिकारी नियुक्त किये गए हैं। जिलाधिकारी से उक्त सम्बन्ध में पूछे जाने पर ज्ञात हुआ कि जागेश्वर मन्दिर आरटीआई के दायरे में नहीं है। मामले में शनिवार को आरएनएस ने जिलाधिकारी से इस सम्बन्ध में वार्ता की। जिस पर जिलाधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि जागेश्वर मन्दिर सूचना के अधिकार के दायरे में नहीं है। उन्होंने कहा कि 2 बार यह मामला सूचना आयोग उत्तराखंड जा चुका है और सूचना आयोग के अनुसार लोक प्राधिकारी नहीं होने के कारण मंदिर प्रबंधन आरटीआई के अंतर्गत नहीं आ सकता। प्रबंधन समिति के जो कार्य जिलाधिकारी कार्यालय से चलते हैं वे आरटीआई के अन्तर्गत आते हैं परन्तु जागेश्वर मन्दिर प्रबंधन समिति कार्यालय आरटीआई के दायरे में नहीं है।

कांग्रेस का केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

हल्द्वानी। पूर्व पीसीसी सदस्य आनंद सिंह दरम्वाल की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को रामपुर रोड स्थित पंचायत घर के पास हुई। जिसमें मणिपुर की घटना को शर्मनाक करार देते हुए निंदा की गई। जिसके बाद घटना के विरोध में चौराहे पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया।

सिर्फ हवाई राजनीति कर रही भाजपाः अरुण चौहान

काशीपुर। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव अरुण चौहान ने क्षेत्र की बदहाल स्थिति पर कहा है कि भाजपा सरकार बातें ज्यादा और काम कम के मूलमंत्र को अपनाये हुए है। कहा कि सीएम के काशीपुर आगमन पर नगरनिगम ने जनता की गाढ़ी कमाई से लाखों रुपये बर्बाद किए, लेकिन सीएम ने काशीपुर के विकास के लिए एक फूटी कौड़ी की भी घोषणा नहीं की। जबकि लोगों को उम्मीद थी कि आधी आबादी को पानी में डुबोने वाली लक्ष्मीपुर माइनर को लेकर सीएम जरूर कोई घोषणा करेंगे। लेकिन मेयर के अनुरोध पर भी सीएम ने इस पर चुप्पी नहीं तोड़ी। इससे जाहिर है कि काशीपुर के भाजपा नेताओं की अपनी ही सरकार में कोई सुनवाई नहीं है। शहर की जनता जलभराव, खस्ताहाल सड़कों और कचरें के अंबार से जूझ रही है।

बाघ की खाल व हड्डियों के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर। एसटीएफ और वन विभाग की संयुक्त टीम ने बाघ की खाल और हड्डियों सहित पहेनिया टोल प्लाजा से चार शातिर आरोपी दबोचे। आरोपियों के विरुद्ध तराई पूर्वी वन प्रभाग की खटीमा रेंज में वन्यजीव जंतु संरक्षण अधिनियम में मुकदमा दर्ज कराया गया है। एसटीएफ को गोपनीय सूचना मिली कि चार लोग सफेद रंग की बोलेरो जीप से खटीमा की तरफ आ रहे हैं। इस पर एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल के निर्देशन और सीओ एसटीएफ सुमित पांडे के नेतृत्व में एसटीएफ, वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो दिल्ली व तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी की एसओजी की संयुक्त टीम ने शनिवार देर रात घेराबंदी कर उन्हें पहेनिया टोल प्लाजा के पास रोक लिया। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक बाघ की खाल और करीब 15 किलो बाघ की हड्डियां बरामद की गईं। पकड़े गए आरोपियों में कृष्ण कुमार निवासी ग्राम बगीचा, गजेंद्र सिंह, संजय कुमार, हरीश कुमार सभी निवासी गोठी कालिका थाना धारचूला जिला पिथौरागढ़ शामिल हैं। आरोपी लंबे समय से वन्यजीव अंगों की तस्करी में लिप्त थे। आरोपियों ने बताया कि बाघ की खाल व हड्डियों को वे काशीपुर निवासी व्यक्ति से लाए थे,

पूर्व सैनिकों ने वन रैंक वन पेंशन निर्धारण को किया प्रदर्शन

हल्द्वानी। वॉइस आफ एक्शन सर्विसमैन सोसाइटी हल्द्वानी से जुड़े पूर्व सैनिकों ने रविवार को तिरंगा यात्रा रैली निकाली। बिड़ला स्कूल के समीप से निकाली गई रैली गैस गोदाम रोड, कालूसिद्ध मंदिर होते हुए नैनीताल रोड स्थित शहीद पार्क पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान उन्होंने मांगों को लेकर नारेबाजी की। साथ ही मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन को चेताया।

संगठन के अध्यक्ष सूबेदार मेजर चंचल सिंह शाही ने बताया तिरंगा रैली का मुख्य मकसद जागरुकता करना था। ताकि पूर्व सैनिक 6 अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली महारैली में अधिक से अधिक शामिल हो सके। उनके प्रमुख मांगों में वीरांगनाओं की पेंशन में इजाफा, एक समान एमएसपी देकर ओआरओपी टेबल को पुनः निर्धारित करने, साधारण फैमिली पेंशन को सर्विस पेंशन के बराबर देने, वॉर इंजरी डिसेबिलिटी पेंशन एक समान करने, पेंशन आने के बाद अवार्ड दिए गए ऑर्डनरी रैंक को स्थाई रैंक के बराबर पेंशन देने, 75 फीसदी पेंशन के लंबित मांगों को पूरा करने, एक्स ग्रुप पर की विसंगतियां दूर करने आदि मांगें शामिल हैं। इसके बाद सभी पूर्व सैनिकों ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर आर्मी से सेवानिवृत्त ऑर्डनरी कैप्टन धनानन भट्ट, उपाध्यक्ष होशियार गौनिया, सचिव दीवान नयाल, उपसचिव नरेंद्र जोशी, संगठन मंत्री मेजर मान सिंह चौहान, प्रकाश बनकोटी, आनंद बल्लभ जोशी, एनके जोशी, खीम सिंह बोरा, जगत भाकुनी, परवीन सिंह, मंगल कोरंगा, वीरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, पुष्कर डसीला रहे।

रोडवेज बसों में दिव्यांगों से किराया न वसूला जाए

रुद्रपुर। रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा और पेंशन की मांग को लेकर उत्तराखंड मूक बधिर कल्याण समिति ने काशीपुर आगमन पर सीएम को ज्ञापन दिया है।

नगरनिगम सभागार में सीएम को दिए ज्ञापन में समिति के पदाधिकारियों ने कहा है कि उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में दिव्यांगों को निःशुल्क यात्रा सुविधा का लाभ नहीं दिया जा रहा है। नियमानुसार, दृष्टिहीन, अपदृष्टि, एक अथवा दोनों हाथ पैरों से विकलांग व पैरालाइज पीड़ित को एक सहायक के साथ मुफ्त यात्रा की सुविधा अनुमन्य है।

ट्रक स्टैण्ड निर्माण के चलते बन्द हुआ पैदल रास्ता जनता के लिए जल्द होगा शुरू

अल्मोड़ा। नगर के मध्य ट्रक स्टैण्ड बनने से बन्द हुआ पैदल रास्ता दो–तीन माह के अन्दर बनकर तैयार होकर जनता के लिए उपलब्ध होगा।

विदित हो कि विगत डेढ़ साल से निर्माणाधीन ट्रक स्टैण्ड के निर्माण कार्य के चलते स्वागत रेस्टोरेंट के बगल से नीचे को उतरने वाला पैदल आम रास्ता कार्यदायी संस्था के द्वारा बन्द कर दिया गया था जिससे इलाके की रिहाईश के सैकड़ों लोग प्रभावित हो रहे थे। मामले पर जब अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से बात की तो उनका कहना था कि इस मामले में शीघ्र ही कार्यदायी संस्था को नोटिस दिया जाएगा। वार्ड के सभासद मनोज जोशी ने अपनी बात रखते हुए कहा था कि ट्रक स्टैण्ड बनने के कारण बन्द हुआ आम पैदल रास्ता तुरन्त खोला जाना चाहिए जिससे कि वहां की जनता को राहत मिले। समाचार एजेंसी आरएनएस से बातचीत पर जिलाधिकारी के द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियन्ता से वार्ता की गई, जिसमें अधिशासी अभियंता ने जिलाधिकारी अल्मोड़ा को बताया कि दो तीन माह के भीतर उक्त मार्ग की व्यवस्था जनता के लिए कर दी जाएगी।

सत्यापन अभियान के तहत 25 व्यक्तियों का किया सत्यापन

अल्मोड़ा। जनपद के एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण व आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु बाहरी व्यक्तियों/किरायेदारों/मजदूरों/फड़ फेरी व रेड़ी/ठेला लगाने वाले व्यक्तियों का शत–प्रतिशत सत्यापन करने हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार द्वारा रविवार 23 जुलाई को थाने के पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में वृहद स्तर पर सत्यापन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 25 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया तथा स्थानीय लोगों को किरायेदार सत्यापन के प्रति जागरुक करते हुए किसी भी बाहरी व्यक्ति को किरायेदार रखने से पूर्व उसका पुलिस सत्यापन अनिवार्य रुप से कराने अन्यथा विधिक कार्यवाही की हिदायत दी गई।

अधिवक्ताओं को मिले जीवन निर्वाह भत्ता

अल्मोड़ा। जिला बार एसोसिएशन अल्मोड़ा के पूर्व उपसचिव कवीन्द्र पन्त (एडवोकेट) ने एक ज्ञापन बार काउंसिल ऑफ उत्तराखण्ड के अध्यक्ष सचिव को दिया है। जिसमें पंत ने कहा है कि नव पंजीकृत कनिष्ठ अधिवक्ताओं व उम्रदराज वरिष्ठ एडवोकेट्स हेतु प्रोत्साहन राशि जीवन निर्वाह भत्ता के संदर्भ में पंत ने कहा कि नव पंजीकृत अधिवक्ताओं के समक्ष वर्तमान में बहुत सी चुनौतियां हैं और शुरूआती वर्ष जूनियर अधिवक्ताओं के लिए आर्थिक रूप से चुनौतिपूर्ण साबित हो रहे हैं,

25 जुलाई को होगा देहरादून—पिथौरागढ़ के बीच हवाई सेवा का ट्रायल

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ देहरादून के बीच नियमित विमान सेवा के लिए फ्लाई बिग कंपनी का 20 सीटर विमान 25 जुलाई के ट्रायल लैंडिंग करेगा। विमान सेवा को लेकर सभी जरुरी तैयारी की गई हैं। दशकों से सीमांत की जनता नियमित विमान सेवा की मांग कर रहे हैं। व्यावसायिक उड़ान के लिए 25 जुलाई को पहली बार यहां 20 सीटर विमान से ट्रायल लैंडिंग होगी।

समझा जा रहा है कि इसकी सफलता के बाद ही यात्री सेवा के लिए तिथि का ऐलान किया जाएगा। प्रारंभ में इस विमान से देहरादून व पंतनगर के बीच आवागमन की सुविधा देने की कवायद चल रही है। जिलाधिकारी रीना जोशी ने बताया कि ट्रायल लैंडिग निर्धारित तिथि को होगी । इससे पूर्व 17 जनवरी 2019 में 9 सीटर विमान से देहरादून, हिंडन और पंतनगर के बीच विमान सेवा शुरू की गई थी।जो मार्च 2020 में एयरपोर्ट में विमान के फिसलने के बाद बंद हो गई थी। तब से लोग विमान सेवा शुरू करने की मांग करते आ रहे हैं। इधर विमान सेवा के लिए चयनित कंपनी ने नियमित उड़ान का कोई कार्यक्रम जारी नहीं किया है। यात्रियों को भी बुकिंग के ऐलान का इंतजार है।

20 सीटर विमान से नियमित सेवा मिलती है तो इसका पूरे सीमांत जनपद के लोगों को लाभ मिलेगा। जनपद में पर्यटन कारोबार में भी इस हवाई सेवा शुरू होने के बाद उछाल आएगा।

देवरियाताल विकास महोत्सव की नई कार्यकारिणी बनी

रुद्रप्रयाग। ब्लॉक सभागार ऊखीमठ में देवरियाताल विकास महोत्सव समिति द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन कर दिलबर नेगी को अध्यक्ष एवं योगेंद्र नेगी को सचिव चुना गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित होने वाले देवरियाताल मेले के लिए देवरियाताल विकास महोत्सव समिति की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी बनाई गई। ब्लाक सभागार ऊखीमठ में आयोजित बैठक में देवरियाताल विकास महोत्सव समिति के अध्यक्ष चण्डी प्रसाद भट्ट ने कार्यकाल पूर्ण होने की दशा में अपने पद से इस्तीफा दे दिया। जिसके बाद बैठक में मेलाधिकारी के रूप में मौजूद तहसीलदार दीवान सिंह राणा की मौजूदगी में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष दिलवर सिंह नेगी, सचिव योगेन्द्र सिंह नेगी, उपाध्यक्ष प्रेमलता पन्त, प्रमिला त्रिवेदी, महावीर सिंह नेगी तथा कोषाध्यक्ष मुकेश सिंह नेगी को बनाया गया है। सभी ग्राम प्रधान,क्षेत्र पंचायत सदस्य,वन पंचायत सरपंच, युवक मंगल दल अध्यक्ष तथा महिला मंगल दल अध्यक्ष समिति के सदस्य होंगे।नव नियुक्त अध्यक्ष दिलवर सिंह नेगी ने कहा कि मेले को भव्य रूप देने के लिए जल्द ही ऊखीमठ, मनसूना और सारी में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उपसमितियों का गठन कर लिया जायेगा। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष विजय राणा, व्यापार संघ अध्यक्ष राजीव भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रीना बिष्ट, नायाब तहसीलदार जयकृत सिंह रावत, प्रधान संन्दीप पुष्पवान, मनोरमा देवी, कुंवर सिंह बज्वाल, बीरेंद्र सिंह राणा,चन्द्रमोहन उखियाल,बसन्ती रावत,नन्दन सिंह रावत,प्रकाश रावत, सभासद रवीन्द्र रावत, नागेन्द्र राणा, शंकर स्वामी, विनोद रावत,गजपाल रावत आदि मौजूद थे।

नरकोटा गांव के चार युवाओं ने एक साथ पाई कामयाबी

रुद्रप्रयाग। जनपद के नरकोटा गांव के चार युवाओं ने उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग स्नातक स्तर की परीक्षा पास कर मैरिट सूची में स्थान पाया है जिससे गांव में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। सभी ने इन होनहारों को बधाई दी। जिला मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत नरकोटा में एक साथ चार अभ्यर्थियों ने उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग स्नातक स्तर परीक्षा पास कर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। इस खबर से पूरे गांव में उत्साह का माहौल है। यह राज्य का पहला गांव है जहां से एक साथ तीन बेटियों और एक बालक का परीक्षा में चयन हुआ है। प्रियंका सिलोडी और नेहा सिलोडी दोनों सगी बहने हैं, इनका एक भाई भी जो सेना की तैयारी कर रहा है। इन दोनों बहनों का एक साथ चयन हुआ है। उनके पिता जनार्दन प्रसाद सिलोडी सेना मे अफसर रेंक से रिटायर्ड है और माता गृहणी है।

बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 11 मेधावियों को किया सम्मानित

रुद्रप्रयाग। कलश लोक संस्कृति चैरिटेबिल ट्रस्ट द्वारा मुख्यालय में जिम कार्बेट, श्रीदेव सुमन, डॉ पीताम्बर बड़थ्वाल एवं पंडित वासुवानंद मैखुरी स्मृति एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बोर्ड परीक्षा के विभिन्न स्कूलों के मेधावियों को सम्मानित किया गया। गुलाबराय स्थित रुदाक्ष वेडिंग प्वाइंट में कलश संस्था द्वारा सहयोगी संस्था अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रुद्रप्रयाग विधायक ने प्रतिभाग किया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी मंजू राजपूत ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद सिमल्टी, रुद्रप्रयाग महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आशुतोष त्रिपाठी, राइंका मयकोटि के प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद सेमवाल, डॉ मनीष मैखुरी मैखुरी मेडिकोज रुद्रप्रयाग, मयंक रतूड़ी प्रभारी अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन रुद्रप्रयाग, भगवान सिंह नेगी अनुभाग अधिकारी सचिवालय देहरादून, राहुल डबराल युवा समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र, संतोष बड़वाल रेंजर वन विभाग, राय सिंह बिष्ट अध्यक्ष व्यापार मंडल रुद्रप्रयाग शामिल थे। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक चन्द्र शेखर पुरोहित एवं कलश के संयोजक ओम प्रकाश सेमवाल ने कार्यक्रम को लेकर विस्तृत जानकारी दी। पर्यावरणविद् जिम कॉर्बेट, क्रान्तिकारी श्रीदेव सुमन एवं हिन्दी के पहले डीलिट डॉ पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक भरत सिंह चौधरी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों को प्रोत्साहन मिलता है।

इस मौके पर रुद्रा मांगल समिति द्वारा मांगल गायन, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बेलनी द्वारा स्वच्छता पर नाटक, राइंका रुद्रप्रयाग की छात्राओं द्वारा वंदना, स्वागत गान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर जसपाल भारती, जगदम्बा प्रसाद चमोला, चन्द्रशेखर पुरोहित, करन सिंह, अनूप शुक्ला, शशि प्रसाद पुरोहित, अशोक चौधरी, अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन के मयंक रतूड़ी, विनोद नौटियाल, सौरभ नैथानी, जोत सिंह बिष्ट, चन्द्र मोहन सेमवाल, व्यापार संघ के अध्यक्ष राय सिंह बिष्ट, पूर्व अध्यक्ष चन्द्रमोहन सेमवाल, प्रशांत डोभाल, दीपक भंडारी, आर्थिक कमजोर मेधावी छात्र, शिक्षक एवं स्थानीय लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश सेमवाल एवं अशोक चौधरी ने संयुक्त रूप से किया।

इन मेधावियों का हुआ सम्मान

हाईस्कूल स्तर पर मेधावी छात्र केशव डोभाल राइका टैंठी, रिया राइका मणिगुह, आयुष राइका मालतोली, जबकि इंटर में कशिश बुटोला राइंका रुद्रप्रयाग, अंकिता करांसी राइका चोपता, अंजलि बिष्ट राबाइका रुद्रप्रयाग, मोनिका वशिष्ठ राइका मयकोटी, मोनिका राइका मणिगुह, शिवानी राइका कमसाल, साक्षी राइका मयकोटी, तनीषा नेगी राइका कण्डारा को पं0 वासवानन्द मैखुरी स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।

कंडीसौड़ में कांग्रेस ने मणिपुर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया

नई टिहरी। मणिपुर में हुई हिंसा के बाद बीते दिनों दो महिलाओं के साथ घटी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल के विरोध में कंडीसौड़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मणिपुर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर सरकार का पुतला दहन किया।

उन्होंने मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है। रविवार को थौलधार ब्लॉक के कंडीसौड़ बाजार तिराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री सुमेरी बिष्ट के नेतृत्व में मणिपुर में दो महिलाओं को नग्न कर सड़क पर घुमाये जाने के विरोध में मणिपुर सरकार का पुतला फूंका। महिला प्रदेश महामंत्री ने कहा कि मणिपुर के खराब हालतों के लिये मणिपुर सरकार के साथ केंद्र सरकार भी जिम्मेदार है। समय से मणिपुर में हुई हिंसा को रोका जाता तो आज ऐसे हालात नहीं होते, महिला शक्ति पर हुये अत्याचारों से देशवासी शर्मसार हैं। कहा प्रधानमंत्री मात्र शक्ति के हितों की रक्षा के लिये बड़ी बड़ी बातें करते हैं, लेकिन धरातल पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। कहा कि अंकिता हत्याकांड के कई महिने गुजर जाने के बाद भी उनके परिवारों को न्याय नहीं मिल पाया और न ही उन वीआईपी लोगों के नाम उजागर हो पाये हैं,जो अंकिता हत्या के दोषी हैं। उन्होंने मणिपुर सरकार को शीघ्र बर्खास्त किये जाने की मांग करते मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में जिपंस जयवीर सिंह रावत, श्रीपाल सिंह, महेश रामोला, शूरवीर सिंह राणा, विनीता देवी, अपर्णा विश्वास, पूनम गुसाईं, गीता देवी आदि शामिल थे।

आपदा प्रभावितों की प्रशासन करें मदद–नेगी

नई टिहरी। दैवीय आपदा पीड़ितों को विधायक विक्रम सिंह नेगी ने मदननेगी उप तहसील में छाते व तिरपाल बांटे। इस मौके पर विधायक नेगी ने कहा कि शासन–प्रशासन आपदा व बारिश से पीड़ीतों की तत्परता से मदद करे। मदन नेगी में छाते व तिरपाल बांटने के मौके पर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि बरसात में क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ है। कई सड़कें बंद होने के साथ ही ग्रामीण रास्ते व खेती बदहाल है। लोगों के घरों आंगनों को भी नुकसान पहुंचा है। पीड़ितों की यथासंभव सहायता करेंगे। उन्होंने कहा की सरकार को नुकसान का जायजा लेते हुए प्रभावितों की शीघ्र सहायता करनी चाहिए। नायब तहसीलदार राजेन्द्र गुंसोला ने कहा कि प्रभावितों को राहत राशि का आवंटन किया जा रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह रौतेला, शुभम नेगी, रोशन लाल, अरविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

भट्ट दोबारा बने प्रबंधक, को चुना गया अध्यक्ष

रुद्रप्रयाग। ओंकारानंद इण्टर कालेज जखोली में प्रबंध समिति के चुनाव में शिक्षाविद् व वरिष्ठ समाजसेवी ललिता प्रसाद भट्ट को प्रबन्धक व पूर्व प्रधान विजेन्द्र सिंह मेवाड़ को निर्विरोध रुप से अध्यक्ष चुना गया है। प्रबंध समिति ने सभी का आभार जताया। कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों में हर्षवर्धन नैथानी को उपाध्यक्ष, मुरारी लाल को सह प्रबंधक,दयाल सिंह खण्ड़ा को कोषाध्यक्ष के साथ ही प्रबंध समिति के सदस्यों में सुनील भट्ट, विजेन्द्र सिंह भंडारी,सत्य प्रसाद भट्ट,प्रेम लाल, परमानन्द घिल्डियाल, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख अर्जून गहरवार, खुशहाल सिंह चौहान, भूपेंद्र सिंह भंडारी,मनोनीत सदस्यों में शिक्षा जगत से सुशीला मेवाड़, सामाजिक क्षेत्र से प्रताप सिंह नेगी को सदस्य निर्वाचित किया गया है। रविवार को विद्यालय के प्रबंध संचालक व खण्ड शिक्षा अधिकारी यशवीर सिंह रावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ है।

चंबा में पूर्व सैनिकों ने प्रदर्शन किया

नई टिहरी। वन रैंक–वन पेंशन की विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर पूर्व सैनिक चंबा स्थित शहीद गबर सिंह नेगी स्मारक पर एकत्र हुए। जहां पर उन्होंने अपनी मांग को लेकर नारेबाजी की और कहा कि वे लंबे समय से मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने उनकी मांगों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। पूर्व सैनिकों ने कहा कि वह मांग को लेकर दिल्ली में चल रहे आंदोलन को समर्थन देने के लिए 6 अगस्त को दिल्ली कूच करेंगे।

रविवार को पूर्व सैनिक संगठन के बैनर तले जिले भर के पूर्व सैनिक चंबा नगर स्थित शहीद गबर सिंह नेगी स्मारक में एकत्र हुए। जहां उन्होंने मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की और कहा कि वन रैंक–वन पेंशन में विसंगतियों को लेकर दिल्ली जंतर मंतर में उनका आंदोलन लंबे समय से चल रहा है। लेकिन सरकार ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है। पूर्व सैनिकों ने कहा कि वन रैंक–वन पेंशन में सरकार द्वारा अधिकारी वर्ग की सुविधाओं का तो ख्याल रखा गया, लेकिन सैनिकों को सुविधा से वंचित कर उनका हक कम किया गया है। जिसे वे बर्दाश्त नहीं कर सकते। इस मौके पर पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष देव सिंह पुंडीर, संरक्षक इंद्र सिंह नेगी ने कहा कि सैनिकों पर देश का पूरा दारोमदार होता है और उन्हीं की बदौलत सेना युद्ध जीतती है, लेकिन जब सैनिकों को सुविधा देने की बात आती है तो उनके साथ भेदभाव किया जाता है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों को भी अधिकारियों की तरह सुविधाएं प्रदान की जाए। इस मौके पर पूर्व सैनिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे भी लगाए, साथ ही अपनी मांग को लेकर नारेबाजी भी की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिल्ली में चले आंदोलन को समर्थन देने के लिए जिलेभर से पूर्व सैनिक अधिक से अधिक संख्या में 6 अगस्त को दिल्ली कूच करेंगे। इस मौके पर सेवानिवृत्त कैप्टन आनंद सिंह नेगी, कृष्णा ममगांई, दीवान सिंह कुंवर, संगठन के सचिव महिपाल सिंह सजवान, धर्म सिंह सजवाण, कुंवर सिंह नेगी, मस्त सिंह पुंडीर, सुरेंद्र उनियाल, सुमेर सिंह पुंडीर आदि पूर्व सैनिक मौजूद थे।

भल्ड के ग्रामीणों का धरना दूसरे दिन भी रहा जारी

नई टिहरी। पुनर्वास और विस्थापन को लेकर भल्ड गांव के ग्रामीणों ने गांव के निकट ही झील के किनारे दूसरे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना शुरू जारी रहा। ग्रामीणों की मांग है कि रौलाकोट की तर्ज पर ग्रामीणों का विस्थापन भूमि के बदले भूमि देकर किया जाय। पुनर्वास व विस्थापन की मांग को लेकर भल्ड गांव के ग्रामीणों का रविवार को भी गांव के निकट ही टिहरी झील के किनारे अनिश्चतकालीन धरना जारी रहा। दो दिन पहले ग्रामीणों ने अपनी इन मांगों को लेकर टीएचडीसी में धरना शुरू किया था, लेकिन हाईकोर्ट के आदेशों के चलते वहां से ग्रामीणों को धरना उठाना पड़ा है। अब ग्रामीणों ने रोष जाहिर करते हुए झील के किनारे ही अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि धरना स्थल झील के किनारे हैं। धरना स्थल पर पानी आने को है। यदि शासन–प्रशासन ने उनकी मांग न मानी तो उन्हें जल समाधि लेने जैसे निर्णय पर विचार करना पड़ेगा। रौलाकोट, स्यांसू और नकोट का विस्थापन तो कर दिया गया है, लेकिन आज तक भल्ड गांव की ओर ध्यान नहीं दिया गया है। यदि रौलाकोट की तर्ज पर उनका विस्थान न हुआ, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। धरने पर बैठने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता सागर भंडारी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य कमल लाल, सुमति देवी, विमला देवी, सोनी देवी, भामा देवी, प्रमिला देवी शामिल रहे।

निरवाली धारकोट में किसानों को दी 4 हजार बड़ी इलाइची की पौध

रुद्रप्रयाग। जिला भेषज विकास इकाई रुद्रप्रयाग के सौजन्य से ग्राम पंचायत निरवाली धारकोट में 4,000 बड़ी इलायची के पौधे निःशुल्क रूप से वितरित किए गए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत निरवाली धारकोट में 23 जुलाई को भेषज विकास इकाई उद्यान विभाग उत्तराखंड रुद्रप्रयाग द्वारा जिला पंचायत सदस्य सविता भंडारी द्वारा 4,000 बड़ी इलायची के पौधे कृषकों को निःशुल्क वितरित किए गए।भेषज संघ के सचिव वाचस्पति सेमवाल ने बताया है कि उद्यान विभाग की निःशुल्क बीज पौध वितरण योजना के अंतर्गत भेषज विकास इकाई व जिला भेषज एवं सहकारी विकास संघ लिमिटेड रुद्रप्रयाग द्वारा उक्त ग्राम पंचायत के प्रगतिशील किसानों को 4,000 बड़ी इलायची के पौधे 50 नाली भूमि पर बड़ी इलायची कृषिकरण हेतु निःशुल्क वितरित किए गए।

डाक सेवक संघ के राम किशोर अध्यक्ष और राजपाल सचिव बने

नई टिहरी। ग्रामीण डाक सेवक संघ का 11वां द्विवार्षिक अधिवेशन में संगठन के प्रांतीय पदाधिकारियों ने डाक सेवकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। अधिवेशन के बाद संघ की नई कार्यकारणी का गठन किया गया। रविवार को नई टिहरी प्रेस क्लब में टिहरी तथा उत्तरकाशी जिले के ग्रामीण डाक सेवक संघ का 11 वां द्विवार्षिक अधिवेशन संगठन के प्रांतीय सचिव जगदीश रावत और केंद्रीय विभागीय पर्यवेक्षक उपमंडलीय डाक निरीक्षक सुशील राज की देखदेख में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि डाक सेवकों की कई समस्याऐं लंबित है, जिनके निस्तारण के लिये संघ कार्य करेगा। अधिवेश संपन्न होने के बाद सर्व सम्मति से संघ की नई कार्यकारणी का गठन किया गया। कार्यकारणी में राम किशोर बिष्ट अध्यक्ष, रजनी पंवार तथा सुरेन्द्र पंवार को उपाध्यक्ष, राजपाल नेगी सचिव, धर्म सिंह भंडारी, दलीप सिंह, सते सिंह भंडारी, आनंद रावत, विनय लक्ष्मी रजवार को सहायक सचिव, मुन्नी देवी तोपवाल को कोषाध्यक्ष, चंद्र सिंह सजवाण, राजवीर नेगी तथा कुलदीप नेगी को संगठन सचिव, विजेंद्र राणा को ऑडिटर, अकबर सिंह पुंडीर को संरक्षक, तथा विरेन्द्र सिंह और सोहन सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया।

मणिपुर घटना पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

नई टिहरी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मणिपुर में हुई महिलाओं हुई शर्मनाक घटना के विरोध में थौलधार ब्लॉक मुख्यालय के कंडीसौड़ बाजार में कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार का पुतला दहन कर मणिपुर के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री से इस्तीफे की मांग की। थौलदार ब्लॉक मुख्यालय के कंडीसौड़ बाजार में कांग्रेसियों ने मणिपुर में हुई महिलाओं के साथ अभद्र घटना को जघन्य अपराध की घटना करार देते हुए जिम्मेदार केंद्र व मणिपुर राज्य की सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। केंद्र सरकार का पुतला दहन कंडीसौड़ चौराहे पर करते हुए पीएम व सीएम मणिपुर के इस्तीफे की मांग की।

हरेला सप्ताह के अंतिम दिन फलदार वृक्षों को रोपा

विकासनगर। श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय चकराता में रविवार को हरेला सप्ताह के अंतिम दिन प्राचार्य आवास परिसर में फलदार पौधे रोपे गये। भूमि संरक्षण विभाग कालसी चकराता रेंज द्वारा महाविद्यालय को बड़ी मात्रा में अमरूद, आंवला, नींबू, खड़िक, तेजपत्ता, भीमल, देवदार की पौध उपलब्ध कराई गई।

प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने बताया कि महाविद्यालय में 16 जुलाई से वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया। बताया, जिसमें महाविद्यालय परिसर में हरेला पर्व के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया। बताया कि परिसर में विभिन्न प्रकार के जो पौधे रोपे गए हैं, उसकी देखभाल करना भी हमारी जिम्मेदारी है। कहा जब यह पौधे वृक्ष के रूप लेंगे तो उससे महाविद्यालय परिसर भी हरा–भरा रहेगा और यहां पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं को छाया भी प्रदान करेगी। बताया हमें अगर अपने पर्यावरण को शुद्ध रखना है तो बढ़चढ़ कर सभी को पौधरोपण करना चाहिए।

कर्णप्रयाग के पीएचसी शैलेश्वर को मिला कायाकल्प पुरस्कार

चमोली। विकासखंड के शैलेश्वर में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को कायाकल्प पुरस्कार मिला है। ब्लाक के इस दूरस्थ अस्पताल को स्वच्छता एवं स्वच्छता जागरूकता में दिए जाने वाले पुरस्कार से नवाजे जाने से स्थानीय लोगों ने खुशी जताई है।

अस्पताल में तैनात चिकित्सक डा. अभिनव कुमार ने बताया कि ब्लाक में शैलेश्वर को पहली बार यह पुरस्कार मिला है। जिपंस विनोद नेगी, पूर्व प्रधान गबर सिंह, बीकेटीसी के पूर्व सदस्य अरूण मैठाणी, क्षेत्र पंचायत सदस्य हरेंद्र चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल प्रबंधन को बधाई देते हुए खुशी जताई है।

रेड मार्क भवनों पर रहे तो होगी कार्रवाई

चमोली। नगर पालिका के आपदा प्रभावित बहगुणानगर में प्रशासन की टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान आपदा की दृष्टि से संवेदनशील रेड मार्क भवनों में रह रहे डेढ़ दर्जन से अधिक परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट होने के लिए कहा। साथ ही हिदायत दी कि नोटिस के बावजूद रेड मार्क के घरों में रहने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिस पर प्रभावितों ने नाराजगी जताई। यही नहीं प्रभावितों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन जोशीमठ की तर्ज पर प्रभावितों का पुनर्वास और विस्थापन नहीं करता तो आंदोलन किया जाएगा।

बहुगुणानगर में दो दर्जन से अधिक आपदा प्रभावित भवन हैं। शनिवार को यहां तहसीलदार सुरेंद्र सिंह देव के नेतृत्व में प्रशासन की टीम पहुंची। बताया गया कि यहां करीब 19 परिवार अब भी संवेदनशीन मकानों में रह रहे हैं। प्रशासन की टीम ने नोटिस के बावजूद घरों में रहने पर ऐतराज जताया। जिस पर प्रभावितों का गुस्सा फूट पड़ा। प्रभावितों ने कहा कि यहां मंत्रियों, नेताओं और बड़े अधिकारियों को दौरे हुए। सर्वे हुई लेकिन धरातल पर न सुरक्षा के इंतजाम हुए और पुनर्वास की व्यवस्था हुई। ऐसे में वो अपने जीवन भर की कमाई से बने घरों को नहीं छोड़ेगे। जिस पर प्रशासन ने कार्रवाई की चेतावनी दी। तहसीलदार ने कहा कि प्रशासन के पास प्रभावितों को किराए पर रहने के लिए किराया उपलब्ध है। यही नहीं सरकारी भवन भी रहने के लिए उपलब्ध हैं। ऐसे में शिफ्ट नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी। टीम में ईओ गुरूदीप आर्य सहित अन्य अधिकारी भी शामिल थे।

30 घंटे बाद हुआ जेपीआरआर हाईवे पर यातायात शुरू

विकासनगर। उत्तराखंड को हिमाचल व हरियाणा से जोडने वाला जेपीआरआर हाईवे पर दो जगह मलबा आने के कारण पूरी तरह से बंद रहा। एनएच व प्रशासन की कड़ी मशक्कत के बाद मार्ग पर तीस घंटे बाद यातायात बहाल हो सका। इस दौरान तीनों राज्यों से जुडे लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतें हुई। उधर, जौनसार बावर के 51 मोटर मार्ग भी रविवार दोपहर बाद तक बंद रहे, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शनिवार सुबह आठ बजे जेपीआरआर राष्ट्रीय राजमार्ग फेडिज अटाल के पास व आराकोट सनैल बोर्ड के पास भारी मलबा आने से बंद रहा। रविवार दोपह ढाई बजे मार्ग को यातायात के लिए खोला जा सका, जिसके बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हो पायी। तीस घंटे तक तीनों प्रदेशों के यात्री मार्ग पर भूखे–प्यासे फंसे रहे। वहीं त्यूणी कथियान, लावडी फनार मोटर मार्ग, हरटाड छजाड, भूट मोटर मार्ग पर मलबा आने से मार्ग बंद हैं। बंद पडे मोटर मार्गों में मीनस अटाल, हरिपुर इच्छाडी क्वानू मीनस, खारसी, लोखंडी पिपारा मीनस, राठा जाखणी गुठाड, टुंगराख, रोहटा खड्ड अटाल, सिल्लीखड्ड सुनोई पैनुवा, कथियान डांगूठा, अणु चिल्हाड, मरलऊबढोए, दोटऊ बिरमऊ कोटा डामटा म्यूडा, मेघाटू म्यूडा, रायगी कुलहा, माखटी पोखरी ककनोई, कोटी कनासर, बौराड, साहिया उदपाल्टा, कोटी डिमऊ डांडा, लखस्यार लुधेरा क्यारी कचटा, समरजेंस, दिछिया पिहानी, शहदी सुरेश तोमर गास्की, डाडूवा कितरौली, बिजऊ कोईथा, हमरऊ ललऊ दातनू बडनू, बोहा, हइया अलसी, मंगरौली होडा, समरजेंस मैसासा, कुशियो कचटा खाती, तारली, इच्छला फडेऊ माखटी, कालसी चकराता निथिला, लेल्टा, क्यारी कचटा मैसासा, प्यूनल, डिरनाड, पट्यूड, दमन दसेऊ लेल्टा मंडोली, परिहार सिमोग, मेघाटू, नागथात बिसोई, लाखामंडल डामटा, उदपाल्टा छपरोली, मटियावा आदि मोटर मार्गों पर रविवार दोपहर बाद तक यातायात बहाल नहीं हो पाया। कुछ मार्गों पर देर शाम तक यातायात बहाल होने की संभावना है। इन मार्गों के बंद रहने से सौ से भी अधिक गांवों के लोग यातायात से वंचित है।

गढ़वाल सांसद ने पीड़ितों को बंधाया ढांढस

चमोली। पूर्व मुख्यमंत्री और गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने रविवार को चमोली एसटीपी करंट हादसे में हताहत हुए लोगों के घर पर जाकर शोककुल परिजनों को अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की एवं घायलों का हाल–चाल जाना। इस दौरान उन्होंने घायलों से बातचीत कर उनके परिजनों को ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार हर वक्त पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। पूर्व रावत ने करंट हादसे में मारे गये पाडुली के रहने वाले और उक्त दुर्घटना में मारे गये पिता पुत्र की दर्दनाक मौत पर दुख जताया। गढ़वाल सांसद रविवार को पाडुली गांव पहुंचे । पिता–पुत्र की इस दुर्घटना में मौत पर संवेदना प्रकट करने परिजनों से मिले। उन्होंने जिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली और यह निर्देशित किया की हर समय पीड़ित परिवारों के साथ संपर्क बनाए रखें। गढ़वाल सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना पर चिन्ता व्यक्त की और पीड़ित परिवारों को त्वरित मदद कर सहायता राशि भी भेजी दी है और प्रदेश सरकार भी लगातार सहायता कार्य में तेजी से लगी हुई है। इस दौरान विधायक भूपाल राम टम्टा, बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष रघुवीर बिष्ट, दलवीर दानू, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह रावत, नगर पालिका अध्यक्षा पुष्पा पास–ावान, उदित घिल्डियाल विजय प्रसाद सती सहित सभी कार्यकर्त्ता व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

बीसीए का छात्र वियतनाम में सिखाएगा योग

ऋषिकेश। ऋषिकेश के बीसीए के छात्र रविकांत वियतनाम की धरती पर योग सिखाएंगे। इसके अलावा रविकांत उन्हें अपनी भारतीय संस्कृति के वैदिक आचरण और दिनचर्या का भी पाठ पढ़ाएंगे। रविकांत ने श्रीदेवसुमन विवि के ऋषिकेश परिसर से योग विषय में एक साल का डिप्लोमा किया है।

मूल रूप से बिहार और वर्तमान में तीर्थनगरी के रामझूला निवासी रविकांत यूं तो बीसीए यानी बैचुलर आफ कम्प्यूटर एप्लिकेशन के छात्र हैं। वह कम्पयूटर के क्षेत्र में कुछ करना चाहते थे। लेकिन समय का पहिया ऐसा घूमा कि रविकांत ने योग के क्षेत्र में ही कार्य करने की ठान ली। बीसीए के साथ ही रविकांत रामझूला क्षेत्र में शौकिया तौर पर योग प्रेक्टिस किया करते थे।

सम्पादकीय

इंटरनेट प्लेटफार्म पर लगाम जरूरी

एक तरफ सोशल मीडिया जहां कई फायदे इंसान को सुविधाजनक जीवन बिताने में मदद कर रहे हैं तो वही इसके कुछ दुष्प्रभाव सामाजिक व्यवस्था पर बुरा प्रभाव डाल रहे हैं। आज आधुनिक युग इंटरनेट के जमाने का युग है और बिना इंटरनेट के तमाम वैश्विक गतिविधियों की कल्पना नहीं की जा सकती है। इंटरनेट की सुविधाओं ने हर व्यक्ति का जीवन सरल बनाने के साथ-साथ सुविधाजनक बनाया है लेकिन कही ना कही इसके दुष्प्रभावों की सजा भी समाज को ही भुगतनी पड़ रही है। इंटरनेट से कई ऐसे प्लेटफार्म आज संचालित किए जा रहे हैं जिसने दुनिया को बेहद छोटा कर दिया है और लोग एक दूसरे से इस कदर जुड़ गए हैं कि पल-पल की जानकारियां साझा की जा रही हैं। एक दुखद पहलू यह भी है कि छोटे बच्चे कुछ प्लेटफार्म पर भटक रहे हैं जिनके संबंध में कई समाचार आए थे समाचार पत्रों व सोशल मीडिया पर ही सुनने को मिलते हैं। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में एक 13 साल की लड़की इंस्टाग्राम पर चैट करते-करते अपने से दुगने उम्र के लड़के के साथ भाग गई कि से 2 महीने बाद पुलिस ने बरामद किया। सोशल चैटिंग से पहले ना तो दोनों एक दसरे को जानते थे और ना ही पहले कभी उनकी बात हुई। गनीमत यही रही कि पुलिस के प्रयासों से लड़की सकुशल मिल गई। पाकिस्तान की सीमा हैदर का प्रकरण दो पूरे हिंदुस्तान में सुर्खियां बना हुआ है और यह भी इंटरनेट की ही देन है। पाकिस्तान से अवैध तरीके से सीमा हैदर हिंदुस्तान पहुंच गई और अब उस पर कई सवाल उठ रहे हैं। यही नहीं इंटरनेट के माध्यम से जहां एक तरफ आर्थिक लेनदेन से लेकर तमाम दूसरी सामाजिक व्यवस्थाओं में सरलता पाई गई है तो वही साइबर ठगी के प्रकरण भी इंटरनेट की ही देन है। ना जाने कितने ही लोग इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से अपनी लाखों करोड़ों रुपए की जमा पूंजी गंवा चुके हैं। अब सवाल यह उठता है कि क्या इंटरनेट का प्रयोग करना चाहिए या नहीं? इसका नकारात्मक जवाब आज के आधुनिकता के जन्म के हिसाब से सही नहीं कहा जाएगा लेकिन इतना जरूरी है कि इंटरनेट के प्रयोग के लिए सतर्कता एवं जागरूकता के साथ-साथ गोपनीयता को भी सबसे महत्वपूर्ण नियम बना लेना चाहिए। बच्चों द्वारा मोबाइल फोन का प्रयोग करते समय उन पर नजर रखना बेहद जरूरी है और यह अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वह नियमित तौर पर जांच करें कि बच्चे इंटरनेट पर क्या सर्च कर रहे हैं? निश्चित तौर पर इंटरनेट आज के सरल जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है और इसके प्रयोग से बचने की कल्पना करना ही मूर्खता होगी। हां इतना जरूर है कि सुरक्षा की जानकारियां अमल में लाकर धोखाधड़ी एवं इंटरनेट अपराधों से बचा जा सकता है।

'कांग्रेस आएबे बारी है, भाजपा जाएबे बारी है'

पंकज शर्मा

''हर चुनाव में हर गांव-मुहल्ले में कोई नेता जाता है तो उस से कहिए कि जनता के मुद्दों पर बात करे। उस से पूछिए कि महंगाई क्यों है? बेरोजगारी क्यों है? देश की पूरी संपत्ति एक दो लोगों को क्यों बेच दी? आप को रोजगार सरकारी कंपनियों से मिलता था। वे सब तो इन्होंने अपने दोस्तों को बेच दीं। आप को रोजग़ार खेती से मिलता था, लेकिन किसानों को उपज की सही कीमत नहीं मिलती। आप को रोजग़ार सेना से मिलता था, लेकिन फ़ौज में भर्ती को मखौल बना दिया। अग्निवीर योजना ले आए। मुझे कई लोगों ने बताया कि इस योजना में भर्ती हुए लोग अपनी ट्रेनिंग अधूरी छोड़-छोड़ कर लौट रहे हैं। उन्हें लगता है कि जब चार साल बाद वापस ही आना है तो इतनी कड़ी ट्रेनिंग क्यों करें? आप को रोजग़ार छोटे कारोबार से मिलता था। इन्होंने छोटे व्यवसाइयों को तबाह कर दिया।

पूरी तरह साफ़ हो गया है कि साढ़े चार महीने बाद मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में 'कांग्रेस आएबे बारी है, भाजपा जाएबे बारी है'। प्रियंका ने अपने भाषण के अंत में जब ग्वालियरझ्रचंबल की स्थानीय बोली में 'आएबे बारीझ्रजाएबे बारी' कहा तो लोगों में उन से निजी जुड़ाव का ऐसा उछाह नजऱ आया, गोया लहरें आसमान की तरफ़ लपक रही हों। प्रियंका ने अपने भाषण की शुरुआत भी स्थानीय बोली में की। उन्होंने लोगों से कहा झ्र 'हमारी आप क झ्रराम। मैं पहले भी यहां आई हती पीतांबरा मैया के दरसन को।

शुक्रवार को ग्वालियर में हुई प्रियंका गांधी की जनसभा में उठी हिलोरों के संकेत जिन्हें नहीं समझने हैं, खुशी-खुशी न समझें, लेकिन अब यह पूरी तरह साफ़ हो गया है कि साढ़े चार महीने बाद मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में 'कांग्रेस आएबे बारी है, भाजपा जाएबे बारी है'। प्रियंका ने अपने भाषण के अंत में जब ग्वालियर-चंबल की स्थानीय बोली में 'आएबे बारी-जाएबे बारी' कहा तो लोगों में उन से निजी जुड़ाव का ऐसा उछाह नजऱ आया, गोया लहरें आसमान की तरफ़ लपक रही हों।

प्रियंका ने अपने भाषण की शुरुआत भी स्थानीय बोली में की। उन्होंने लोगों से कहा झ्र 'हमारी आप को राम-राम। ज् मैं पहले भी यहां आई हती पीतांबरा मैया के दरसन को। ज् इस क्षेत्र की वीरता की कहानियां मोए बचपन से पतो हैं। ज्' प्रियंका के एक-एक लफ्ज़ ने लोगों को दिली तरंगों से जोडऩे का ऐसा काम किया कि उन के उठाए मुद्दे अंतर्मन तक तैरने लगे। प्रियंका ने तमाम बुनियादी मसलों को एक नया आयाम दिया। उन्होंने पूछा कि क्या हमारी समूची राजनीति सिर्फ़ आरोप-प्रत्यारापों में ही फंसी रहेगी? क्या हम इस से आगे कोई बात नहीं कर सकते? क्या हम जनता के मुद्दों पर ठीक से चर्चा नहीं कर सकते?

प्रियंका की कही कुछ बातों पर ग़ौर कीजिए।

''स्वतंत्रता के हमारे आंदोलन को सत्याग्रह का नाम दिया गया था। राजनीति हमेशा से सत्य की लड़ाई है। हमारी परंपरा रही है कि हम नेताओं में सरलता, सादगी, सहजता और सच्चाई ढूंढते हैं। मगर आजकल एक दूसरे की बुराई का नाम राजनीति हो गया है। सब बस अवगुण गिनाते हैं। हम उनके गिनाते हैं, वो हम में अवगुण खोजते हैं। इसमें जनता के असली मुद्दे डूब जाते हैं।''

''दूसरों की आलोचना करना बहुत आसान है। राजनीतिक सभ्यता को कायम रखने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी प्रधानमंत्री की होती है। दो दिन पहले विपक्ष की बड़ी बैठक हुई। लेकिन इस पर प्रधानमंत्री का बहुत आपत्तिजनक बयान आया। उन्होंने विपक्ष के सभी नेताओं और पार्टियों को सब धान ढाई पसेरी जैसा घोषित कर दिया। मणिपुर दो महीने से जल रहा है। महिलाओं के साथ भयावह अत्याचार हो रहे हैं। लेकिन उस पर प्रधानमंत्री ने 77 दिनों तक कोई बयान नहीं दिया। एक भयावह वीडियो वायरल हुआ तो कल मजबूरी में उन्हें बोलना पड़ा। लेकिन उसमें भी उन्होंने राजनीति घोल दी।''

''अपने भाषण में मैं भी प्रधानमंत्री की आलोचना कर सकती हूं। शिवराज सिंह चौहान की सरकार के घोटालों की बात कर सकती हूं। आप के क्षेत्र के एक नेता की कैसे पूरी विचारधारा ही पलट गई, इस पर कह सकती हूं। लेकिन मैं ध्यान नहीं भटकाना चाहती। मैं आप के बुनियादी मुद्दों पर बात करने आई हूं। सबसे बड़ा मुद्दा महंगाई है। मगर महंगाई का राज़ समझिए। महंगाई के बहाने दरअसल आप की कमर तोड़ी जा रही है। सिर्फ़ रोज़मर्रा के खाने-पीने की चीज़ें ही महंगी नहीं हुई हैं। घर की मरम्मत महंगी हो गई है। बच्चों के स्कूल की फीस भरना मुश्किल हो गया है। बरसात में छाता खरीदना मुश्किल है। बहनों पर सब से बड़ा बोझ है। वे किस तरह गुज़ारा कर रही हैं, कहा नहीं जा सकता। रसोई के लिए तेल खरीदना मुश्किल है। सिलेंडर में गैस भरवाना मुश्किल है। घर में कोई बीमार हो जाए तो घबराहट होती है कि दवाई कहां से लाऊं? ये परिस्थितियां जानबूझ कर बनाई गई हैं।''

''हर चुनाव में हर गांव-मुहल्ले में कोई नेता जाता है तो उस से कहिए कि जनता के मुद्दों पर बात करे। उस से पूछिए कि महंगाई क्यों है? बेरोजगारी क्यों है? देश की पूरी संपत्ति एक दो लोगों को क्यों बेच दी? आप को रोजगार सरकारी कंपनियों से मिलता था। वे सब तो इन्होंने अपने दोस्तों को बेच दीं। आप को रोजग़ार खेती से मिलता था, लेकिन किसानों को उपज की सही कीमत नहीं मिलती। आप को रोजग़ार सेना से मिलता था, लेकिन फ़ौज में भर्ती को मखौल बना दिया। अग्निवीर योजना ले आए। मुझे कई लोगों ने बताया कि इस योजना में भर्ती हुए लोग अपनी ट्रेनिंग अधूरी छोड़-छोड़ कर लौट रहे हैं। उन्हें लगता है कि जब चार साल बाद वापस ही आना है तो इतनी कड़ी ट्रेनिंग क्यों करें? आप को रोजग़ार छोटे कारोबार से मिलता था। इन्होंने छोटे व्यवसाइयों को तबाह कर दिया। बड़े व्यवसाइयों को सारे धंधे सौंप दिए। जिस उद्योगपति को देश की सारी संपत्ति दे दी, वह 1600 करोड़ रुपए एक दिन में कमा रहा है और किसान 27 रुपए रोज़ नहीं कमा पा रहा। भौकाल की राजनीति है। देश का सच इसमें डूब रहा है।''

''मध्यप्रदेश की सरकार के घोटालों की लंबी सूची मेरे पास है। ढाई हज़ार घोटाले हैं इनके। पटवारी के इम्तहान में घोटाला हो गया। महाकाल में भगवान की मूर्तियों तक को नहीं छोड़ा। इन से पूछिए कि 18 साल से सरकार है आप की, कितनी सरकारी नौकरियां दीं आप ने? अब चुनाव के वक्त लंबी-चौड़ी योजनाएं घोषित करने से क्या फायदा है? 18 साल से तो आपने कुछ किया नहीं। 1600 युवा बेरोजग़ारी की वज़ह से आत्महत्या कर चुके हैं। आप को आत्मनिर्भर नहीं, सरकार पर निर्भर बनाने का काम हो रहा है। मैं ने बहुत-से लोगों से पूछा कि मुफ़्त का राशन चाहिए या नौकरी? गऱीब से गऱीब ने भी कहा कि राशन नहीं चाहिए, नौकरी दो ताकि हम अपने पैरों पर खड़े हों।''''जैसे इन्सान की जो नींव होती है, उसी तरह की उस की नीयत होती हे। वैसे ही सरकार का भी होता है। हमारी सरकार गिरा कर इन्होंने सरकार बनाई तो इसकी नींव ही गलत है। पैसे से खरीदी हुई सरकार है। तो वैसी ही नीयत है। सिर्फ पैसा, पैसा, पैसा। 18 साल सत्ता में रहने से अहंकार होता ही होता है। आसपास के साथी अधिकारी भी सच्चाई नहीं बताते। 18 साल में लगने लगता है कि सत्ता तो हमेशा ही अपने पास रहेगी। जब चुनाव आएगा ध्यान भटका देंगे, दूसरी बातें करने लगेंगे, जनता के जज़्बात भडक़ा देंगे। जनता भूल जाएगी बुनियादी मसले और फिर वोट मिल जाएगा। सत्ता की वजह से अहंकार है, आलस्य है। सत्ता का स्वभाव है कि वह इंसान की असलियत उभार देती है। सत्ता नेक इंसान को दो वह भलाई के काम करेगा। गलत हाथों में दे दो तो इसी तरह की लूट मचेगी जो आज आपके प्रदेश में मच रही है।''

''आप के प्रदेश में महिलाओं, आदिवासियों, दलितों पर भाजपा के नेता कैसे-कैसे अत्याचार कर रहे हैं। उन की एक-से-एक करतूतें सामने आई हैं। इसलिए आप को भविष्य के लिए बहुत बड़ा निर्णय करना है। आप में से कितनों को रोजगार मिला है? किसान भाई यहां हैं, क्या आप की ज़िंदगी बेहतर हुई है? रेहड़ी-पटरी वाले होंगे, छोटे व्यापारी होंगे, क्या खुशहाली आई है? आप कितनी मेहनत करते हैं, लेकिन आपके हाथ में कुछ नहीं बचता। ये बड़े-बड़े बिजनेस वालों के साथ घूमते हैं। आपकी जेब में एक पाई नहीं बचती। ऐसा इसलिए है कि आपकी जागरूकता में कमी है। आप नेताओं से सही सवाल नहीं कर रहे हैं। आप नेताओं से सवाल कीजिए। पूछिए कि आपने 22 हजार घोषणाएं कीं, इनमें से कितनी पूरी कीं?''

मैं ने प्रियंका की कही बातें जानबूझ कर इसलिए पूरे विस्तार से आप के सामने रखी हैं कि मुझे ग्वालियर में वे महज़ चुनावी आह्वान करने के बजाय राजनीति के बुनियादी विमर्श को नई दिशा देने की ताब ज़ाहिर करती दिखाई दीं। क्या यह देश के भावी सियासी नक्शे का सुखद संकेत नहीं है?

जागो देश जागो

उस इको-सिस्टम को मणिपुर में किसने चलते रहने की इजाजत किसने दी है, जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं हुई हैं और उन पर अपेक्षित प्रशासनिक प्रतिक्रिया नजर नहीं आई है? अब हकीकत यह है कि पानी सिर के ऊपर से गुजर रहा है।

वायरल हुए मणिपुर के वीडियो से यह सवाल उठा है कि क्या इस देश के कर्ता-धर्ताओं और नागरिक समाज में रत्ती भर भी शर्म बची है! दो महिलाओं को नंगा घुमाया गया, संभवतः उनसे सामूहिक बलात्कार किया गया, पुलिस ने इसकी शिकायत दर्ज की, इसके बावजूद ढाई महीने तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई, तो क्या यह सिर्फ संयोग है? या मणिपुर की सरकार और वहां कानून लागू करने के लिए जिम्मेदार एजेंसियों का इतना सांप्रदायीकरण हो गया है कि वे ऐसे भयानक- बर्बर कृत्य को भी सांप्रदायिक नजरिए से ही देखते हैं? मणिपुर में ढाई महीने से हिंसा जारी है और इस दौरान महिलाओं के साथ यौन हिंसा भी हुई है, ऐसी खबरें मीडिया में आती रही हैं। यह सोच कर विवेक भोथरा हो जाता है कि ऐसी खबरों के बावजूद देश के प्रधानमंत्री ने इस पर आज तक मणिपुर की स्थिति पर अपनी जुबान नहीं खोली है। ताजा वीडियो के बाद सरकार की तरफ से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का बयान जरूर आया है। लेकिन उससे भी इस बात का जवाब नहीं मिलता कि ऐसी घटनाओं के लिए जवाबदेह कौन है?

उस इको-सिस्टम को वहां चलते रहने की इजाजत किसने दी है, जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं हुई हैं और उन पर अपेक्षित प्रशासनिक प्रतिक्रिया नजर नहीं आई है? मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक वीडियो में दर्ज घटना फेक न्यूज का नतीजा था। एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया, जिसमें एक महिला लाश बोरे में बंद थी। उसे मैतेई महिला बताया गया, जबकि बाद में स्पष्ट हुआ कि वह दिल्ली में हुई एक हत्या की शिकार हुई महिला की तस्वीर थी। लेकिन तब तब फेक न्यूज अपना काम कर चुका था। मैतेई समुदाय का एक समूह कूकी महिलाओं से बदला लेने के लिए सामूहिक बर्बरता पर उतर आया था। तो यह सवाल भी प्रासंगिक है कि फेक न्यूज के कल्चर को किसने संरक्षण दिया है? बहरहाल, बात यह है कि पानी अब सिर के ऊपर से गुजर रहा है। अगर इसके खतरों को अब भी नहीं समझा गया और देश की शर्म नहीं जागी,

अब मणिपुर मॉडल की चर्चा

इतना ही नहीं चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ भी निशाने पर हैं। उनको चुनौती दी जा रही है कि वे वाराणसी से चुनाव लड़ कर देख लें। उनसे पूछा जा रहा है कि मैती लोगों के मारे जाने पर उन्होंने स्वतः संज्ञान क्यों नहीं लिया था। यह दावा किया जा रहा है कि 2024 से पहले इस तरह की और घटनाएं होंगी। इसे भाजपा और मोदी विरोधी टूलकिट से जोड़ा जा रहा है। साथ ही यह भी हकीकत है कि मणिपुर की घटनाओं को रोकने का गंभीर प्रयास नहीं किया जा रहा है। अगर सरकार गंभीर होती तो अब तक राष्ट्रपति शासन लगाया जा चुका होता। राज्य की राज्यपाल अनुसुइया उइके महिला हैं और आदिवासी हैं। उन्होंने दो महिलाओं का वीडियो वायरल होने के बाद बहुत संवेदनशील और समझदारी वाला बयान दिया। वे शांति बहाल करवा सकती हैं लेकिन बहुसंख्यक हिंदू मैती समुदाय को ध्यान में रख कर ऐसा लग रहा है कि सरकार एन बीरेन सिंह को बनाए हुए है।

हरिशंकर व्यास

मणिपुर की घटना को लेकर सोशल मीडिया में जिस तरह का एक पैरेलल नैरेटिव चल रहा है उससे कई सवाल खड़े होते हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि क्या सचमुच भारत सरकार इतनी असहाय है कि एक छोटे से राज्य में चल रही जातीय हिंसा को ढाई महीने तक काबू में नहीं कर पाई? भाजपा के नेताओं ने दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने देश के छात्रों को बाहर निकालने के लिए रूस और यूक्रेन का युद्ध रूकवा दिया था। तो क्या वही प्रधानमंत्री मणिपुर में अपने लोगों की जान बचाने के लिए वहां चल रहा युद् नहीं रूकवा सकते है? फिर क्यों प्रधानमंत्री ने अभी तक राज्य के लोगों से शांति बहाली की अपील की नहीं की है या शांति बहाली की कोई ठोस पहल नहीं की है? राज्य में तीन मई से हिंसा चल रही है और पहली बार प्रधानमंत्री मोदी 20 जुलाई को इस पर बोले। मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद उन्होंने इस पर दुख जताया और कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

इस बीच सोशल मीडिया में इस जातीय संघर्ष को सांप्रदायिक रूप दिया जाने लगा है। सोशल मीडिया के साथ साथ मुख्यधारा की पारंपरिक मीडिया में भी महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने वाले वीडियो के साथ साथ एक दूसरा वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें इधर उधर पड़े कुछ शव दिखाए जा रहे हैं और दावा किया जा रहा है कि जब मैती हिंदुओं को मारा गया तब किसी ने इस पर आवाज नहीं उठाई। व्हाट्सऐप ग्रुप में इस तरह के वीडियो शेयर किए जा रहे हैं और लंबे लंबे पोस्ट लिख कर दिखाया जा रहा है कि मणिपुर हिंसा मैती बनाम कुकी नहीं, बल्कि मैती हिंदू बनाम कुकी ईसाई है। ध्यान रहे कई रिपोर्ट ऐसी है, जिनमें बताया गया है कि साढ़े तीन सौ से ज्यादा चर्च पिछले ढाई महीने में तोड़े गए हैं या उन पर हमला हुआ है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि करीब 32 लाख की आबादी वाले मणिपुर में ढाई लाख से ज्यादा मुस्लिम हैं, लेकिन उनको निशाना नहीं बनाया जा रहा है।

इस बात के लिए लोगों को निशाना बनाया जा रहा है कि वे निर्वस्त्र करके घुमाई गई महिलाओं को सीधे महिला बताने की बजाय कुकी महिला क्यों बता रहे हैं? उनको सीधे महिला कहा जाए और उस पर चर्चा हो तो देश भर में महिलाओं पर होने वाले अत्याचार के साथ हो। पश्चिम बंगाल, केरल और दूसरे राज्यों में भी महिलाओं के साथ हुई घटनाओं को इसके साथ जोड़ा जाए। असल में यह सावधानी इसलिए बरती जा रही है कि गुजरात से अलग मणिपुर में निशाने पर मुस्लिम नहीं हैं, बल्कि आदिवासी हैं। उनकी ईसाई पहचान बताने का अभियान चल रहा है इसके बावजूद मैसेज यह जा रहा है कि आदिवासी महिलाओं पर मैती हिंदू लोग अत्याचार कर रहे हैं। तभी कई जगह यह भी देखने को मिला कि मैती हिंदुओं को भी मैती आदिवासी लिख कर बताया जा रहा है कि यह आदिवासियों का मामला है। हालांकि अभी मैती समुदाय को आदिवासी में नहीं शामिल किया गया है।

इतना ही नहीं चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ भी निशाने पर हैं। उनको चुनौती दी जा रही है कि वे वाराणसी से चुनाव लड़ कर देख लें। उनसे पूछा जा रहा है कि मैती लोगों के मारे जाने पर उन्होंने स्वतः संज्ञान क्यों नहीं लिया था। यह दावा किया जा रहा है कि 2024 से पहले इस तरह की और घटनाएं होंगी। इसे भाजपा और मोदी विरोधी टूलकिट से जोड़ा जा रहा है। साथ ही यह भी हकीकत है कि मणिपुर की घटनाओं को रोकने का गंभीर प्रयास नहीं किया जा रहा है। अगर सरकार गंभीर होती तो अब तक राष्ट्रपति शासन लगाया जा चुका होता। राज्य की राज्यपाल अनुसुइया उइके महिला हैं और आदिवासी हैं। उन्होंने दो महिलाओं का वीडियो वायरल होने के बाद बहुत संवेदनशील और समझदारी वाला बयान दिया। वे शांति बहाल करवा सकती हैं लेकिन बहुसंख्यक हिंदू मैती समुदाय को ध्यान में रख कर ऐसा लग रहा है कि सरकार एन बीरेन सिंह को बनाए हुए है। इससे मणिपुर मॉडल की चर्चा शुरू हुई है। पूर्वोत्तर में हिंदू बनाम ईसाई का नैरेटिव बन रहा है, इसका कितना फायदा भाजपा को होगा यह देखने वाली बात होगी।

कौन बनेगा ईडी का प्रमुख?

यह यक्ष प्रश्न है, जिसका जवाब भी सिर्फ दो लोगों को पता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा अभी किसी को अंदाजा नहीं है कि प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी का प्रमुख कौन बनेगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद संजय कुमार मिश्रा का रिटायर होना तय है। वे 31 जुलाई को पद छोड़ेंगे। उससे पहले केंद्र सरकार को ईडी का नाम तय करना है। जब से सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया है तब से इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं। सबसे पहले तो यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि कोई आईआरएस अधिकारी ही ईडी प्रमुख बनेगा या कोई आईपीएस और आईएएस भी बन सकता है? इसके बाद यह कयास लगाया जा रहा है कि क्या किसी रिटायर अधिकारी को भी ईडी बनाया जा सकता है? एक कयास यह भी है कि कोई ईडी नियुक्त होगा या नंबर दो अधिकारी को प्रभार दे दिया जाएगा? ध्यान रहे संजय मिश्रा से पहले करनैल सिंह काफी समय अतिरिक्त प्रभार में निदेश-ाक रहे थे। राजन कटोच को बीच में हटाए जाने के बाद अगस्त 2015 में करनैल सिंह को अतिरिक्त प्रभार दिया गया था और वे अक्टूबर 2016 तक यानी सवा साल तक अतिरिक्त प्रभार में ईडी चलाते रहे थे। बहरहाल, अब संजय मिश्रा की जगह लेने के लिए तीन आईआरएस अधिकारियों के नाम की चर्चा है। सीबीडीटी के चेयरमैन नितिन गुप्ता, हाल ही में सीबीडीटी के सदस्य बनाए गए प्रवीण कुमार और कुछ समय पहले तक फाइनेंशियल इंटेलीजेंस यूनिट के प्रमुख रहे पंकज मिश्रा का नाम चर्चा में है। इनके अलावा ईडी में रह चुके सीमांचल दास के नाम की भी चर्चा है और एक महिला अधिकारी का नाम भी लिया जा रहा है। सरकार के बहुत करीब रहे एक रिटायर आईपीएस अधिकारी के नाम की भी ईडी निदेशक पद के लिए चर्चा है।

रोजाना करें एक कीवी का सेवन, मिलेंगे ये 5 प्रमुख स्वास्थ्य लाभ

कीवी डाइटरी फाइबर और विटामिन- सी का शक्तिशाली स्रोत है, जो विभिन्न स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकते हैं। डाइटरी फाइबर पाचन क्रिया को मजबूती देने, ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने और वजन घटाने में मदद करता है, जबकि विटामिन- सी प्रतिरक्षा में सुधार करने, अस्थमा के इलाज में सहायता करनेऔर मुक्त कणों से लडऩे जैसे लाभ देने में मदद करता है। ऐसे में रोजाना एक कीवी का सेवन करने से आपको ये 5 प्रमुख स्वास्थ्य लाभ भी मिल सकते हैं। कीवी में मौजूद विटामिन- सी की उच्च मात्रा अस्थमा के इलाज में मदद कर सकती है। एक अध्ययन में पाया गया कि इसके सेवन से घरघराहट और अस्थमा से पीड़ित बच्चों पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। कीवी अस्थमा जैसी श्वसन संबंधी बीमारियों में सुधार लाने में सक्षम है। यह फल प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाने में भी बेहतरीन काम करता है। यह ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से लडऩे में मदद करता है और लाभकारी प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं को बढ़ावा देता है। कीवी पोटेशियम से भरपूर होती है, जो हृदय स्वास्थ्य के लिए आवश्यक पोषक तत्व है। अध्ययनों के मुताबिक, हर दिन 4,069 मिलीग्राम पोटेशियम का सेवन करने वाले व्यक्तियों में हृदय रोग से मृत्यु का जोखिम 49 प्रतिशत कम होता है।

कान बहने पर अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगा समस्या से छुटकारा

मौसम में बदलाव, संक्रमण और साफ-सफाई पर ध्यान न देने जैसे कई कारण हैं, जो कान बहने की समस्या उत्पन्न कर सकते हैं। इस समस्या से ग्रस्त व्यक्ति के कान से तरल पदार्थ निकलता है और चिकित्सकीय भाषा में इसे ओटोरिया कहते हैं। यह एक आम समस्या है, लेकिन अगर इसका तुरंत समाधान नहीं किया जाए तो इससे कान में जलन और दर्द हो सकता है। आइए इस समस्या से राहत दिलाने वाले 5 घरेलू नुस्खों के बारे में जानें।

सेब के सिरके का करें इस्तेमाल सेब के सिरके में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो संक्रमण पैदा करने वाले कीटाणुओं को मारकर कान का बहना रोक सकते हैं। लाभ के लिए 1 चम्मच सेब का सिरका गर्म पानी में मिलाएं और फिर इस घोल में रुई भिगोकर इसे प्रभावित कान में डालें। जिस कान में रुई है, उसी तरफ करवट लेकर लेट जाएं और रुई को कुछ मिनटों के लिए कान के तरल पदार्थ को सोखने दें। ऐसा आप दिन में 2 बार कर सकते हैं।

नीम का तेल आएगा काम नीम के तेल में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-फंगल गुण होते हैं। ये गुण कान के दर्द को कम करने और कान का बहना दूर करने में मदद कर सकते हैं।

लाभ के लिए प्रभावित कान में नीम के तेल की कुछ बूंदें डालें। इसके बाद कान को रुई से ढक लें और इसे हटाने से पहले कुछ मिनट के लिए लेट जाएं। जब तक समस्या दूर ना हो तब तक इस नुस्खे को रोजाना 2 बार दोहराएं।

गर्म सिकाई करें अगर आपके कान बहने का कारण संक्रमण है तो गर्म सिकाई की मदद से इसे दूर किया जा सकता है। लाभ के लिए हॉट पैड से प्रभावित कान की सिकाई करें। अगर हॉट पैड न हो तो गैस पर तवे को गर्म करें और फिर एक सूती कपड़े की कई तह बनाकर उसे गर्म तवे से लगाएं। इसके बाद इससे कान की सिकाई करें। इससे आपको काफी आराम मिलेगा।

लहसुन भी है प्रभावी कान का बहना रोकने में लहसुन भी काफी मदद कर सकता है। लाभ के लिए लहसुन की 1-2 कली को थोड़े से तिल के तेल या फिर सरसों के तेल में गर्म कर लें और फिर इसे ठंडा होने दें। जब यह ठंडा हो जाए तो इयरबड की मदद से प्रभावित कान में यह तेल डालें। ऐसा लगातार कुछ दिनों तक करते रहने से कान का बहना रूक जाएगा।

तुलसी से मिलेगी राहत कान का बहना दूर करने के लिए तुलसी का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसका कारण है कि तुलसी में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण मौजूद होता है, जो कान में जमा गंदगी को दूर कर उसकी सफाई करने में सहायक है। लाभ के लिए कुछ तुलसी की पत्तियों को पीसकर प्रभावित कान में लगाएं। इससे आपको जल्द समस्या से राहत मिलेगी।

पत्नी का पढ़ना–लिखना नहीं था पसंद, गुस्साए पति ने परीक्षा केंद्र में घुसकर कर दिया कांड

शिवपुरी ,(एजेंसी)। मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के पिछोर के छत्रसाल महाविद्यालय में परीक्षा दे रही एक पत्नी का पढ़ना और परीक्षा देना उसके पति को अच्छा नहीं लगा और उसने परीक्षा कक्ष के अंदर घुसकर अपनी पत्नी की उत्तर पुस्तिका परीक्षा देते समय फाड़ कर फेंक दी।

इस घटनाक्रम को देखकर परीक्षा कक्ष में उपस्थित परीक्षार्थी और ड्यूटी पर उपस्थित स्टाफ स्तब्ध रह गया तथा तत्काल पति को पकडक़र पुलिस को सौंप दिया। पुलिस सूत्रों ने महाविद्यालय से प्राप्त जानकारी में बताया कि बीए अंतिम वर्ष की परीक्षा का समाजशास्त्र का पर्चा था। परीक्षा पिछोर के छत्रसाल महाविद्यालय में चल रही थी, जिसमें आरती लोधी भी परीक्षा दे रही थी। तभी अचानक उसका पति मनमोहन लोधी परीक्षा कक्ष के अंदर घुस गया और अपनी पत्नी की उत्तर पुस्तिका फाड़ दी। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने मनमोहन को पकड़ा था, लेकिन कोई शिकायत नहीं आने पर बाद में उसे छोड़ दिया गया।

बताया जाता है कि महिला का पति अपनी पत्नी को पढ़ाने के लिए तैयार नहीं था। आरती अपने मायके में कुछ समय से रह कर परीक्षा की तैयारी कर रही थी और वह आगे बढऩा चाहती थी।

अनियंत्रित होकर यात्री बस तालाब में गिरी, 17 लोगों की मौत, 45 से अधिक घायल

ढाका ,एजेंसी। बांग्लादेश के झालोकाटी जिले में एक यात्री बस के सडक़ से फिसलकर तालाब में गिरने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 45 अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिले के पुलिस प्रमुख मुहम्मद अफरुजुल हक तुतुल ने बताया कि यात्री बस राजधानी ढाका से लगभग 200 किमी दक्षिण में सडक़ किनारे जलाशय में गिर गई, जिससे 13 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि घायलों को स्थानीय अस्पतालों और क्लीनिकों में ले जाया गया, जहां चार और लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कुछ घायल यात्रियों को गंभीर स्थिति में बचा लिया गया है। अधिकारी के अनुसार, दुर्घटना तब हुई जब चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और वाहन सडक़ किनारे जलाशय में गिर गया।

छपरा स्टेशन का 438 करोड़ से होगा कायाकल्प, टेंडर जारी : राजीव प्रताप रूडी

पटना , (एजेंसी)। सारण सांसद राजीव प्रताप रुडी के प्रयास से अब छपरा स्टेशन के कायाकल्प के लिए 438 करोड़ के की योजना पर रेलवे बोर्ड ने मुहर लगा दी है। इसके बाद पूवीत्तर रेलवे ने प्रोजेक्ट के लिए टेंडर जारी कर दिया है। अब शीघ्र ही निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। विदित हो कि वाराणसी रेल मंडल के पिछले बैठक में छपरा जंक्शन और छपरा में पडऩे वाली रेलवे परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों को पूर्व केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद रुडी ने उठाया था। वाराणसी मंडल की बैठक में महाप्रबंधकर चन्द्र वीर रमण के साथ वाराणसी रेल मंडल के प्रबंधक रामाश्रय पांडे भी मौजूद थे। सांसद द्वारा उठाये गये विषय पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे ने छपरा जंक्शन के सौंदर्यीकरण से संबंधित परियोजना को अंतिम रूप दे दिया है। रुडी ने बताया कि छपरा रेलवे स्टेशन का उन्नयन करने के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। कुल 438 करोड़ रुपये से इस रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होगा। उन्होंने आगे बताया कि छपरा रेलवे स्टेशन को उच्च सुविधाओं के साथ अपग्रेड किया जाएगा और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं के साथ सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

खालिस्तानी आतंकी समूहों के अंतरराष्ट्रीय संबंधों का खुलासा, एनआईए ने स्पेशल कोर्ट में दायर किया आरोप पत्र

दिल्ली, एजेंसी। एनआईए ने प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठनों बीकेआई और केटीएफ से जुड़े तीन आतंकवादियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है, साथ ही उनके अंतरराष्ट्रीय नोड्स का खुलासा किया है जो भारत स्थित आतंकवादी गुर्गों की भर्ती और संचालन में शामिल है। रविवार को एनआईए के एक अधिकारी ने ये जानकारी दी है।

रविवार को स्पेशल कोर्ट में दायर की गई चार्जशीट में छह अन्य सहयोगियों के नाम भी हैं, जो बब्बर खालसा इंटरनेशनल और खालिस्तान टाइगर फोर्स से जुड़े हैं। एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा, दोनों संगठनों के लिए धन जुटाने की एक जटिल व्यवस्था पर भी इसमें प्रकाश डाला गया।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कहा कि वह बीकेआई और केटीएफ से जुड़े 16 अन्य फरार और गिरफ्तार आरोपियों के लिंक की भी जांच कर रही है। प्रवक्ता ने बताया कि तीन कुख्यात गैंगस्टर से आतंकवादी और ड्रग तस्कर बने – हरविंदर सिंह संधू उर्फ 'रिंदा', बीकेआई के लखबीर सिंह संधू उर्फ 'लांडा' और केटीएफ के अर्शदीप सिंह उर्फ 'अर्श डाला', ने देश के बाहर से भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए वहां अपने गुर्गों का अपना नेटवर्क बनाया है।

उन्होंने कहा कि इस विदेशी जटिल नेटवर्क के माध्यम से वे भारत में अपने सहयोगियों की भर्ती, उन्हें साहस देने और संचालन का काम करते हैं, जिससे उनके सहयोगी भारत में आतंकवादी गतिविधियां, रंगदारी और सीमा पार से हथियारों और नशीली दवाओं की तस्करी को अंजाम देते हैं। प्रवक्ता ने आगे बताया कि उनके उत्तर भारत में सक्रिय प्रमुख गिरोहों से भी संबंध हैं, जिनमें स्थानीय गैंगस्टर, संगठित आपराधिक सिंडिकेट और नेटवर्क शामिल हैं। एनआईए के अनुसार रिंदा बीकेआई का बहुत प्रमुख सदस्य है और खालिस्तानी ऑपरेटिव है। साल 2018–19 में वह अवैध रूप से पाकिस्तान भाग गया और वर्तमान में आईएसआई के संरक्षण में वहां रह रहा है, और भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने में शामिल है।

रिंदा कई प्रकार के अपराधों में शामिल है, जैसे हथियारों की तस्करी, गोला–बारूद विस्फोटकों और ड्रग्स की पाकिस्तान से भारत में तस्करी। इसके साथ ही बीकेआई कार्यकर्ताओं की भर्ती, हत्याएं, पंजाब और महाराष्ट्र राज्यों में जबरन वसूली के माध्यम से बीकेआई के लिए धन जुटाने जैसे विभिन्न अपराधों में शामिल है।

अधिकारी ने कहा कि रिंदा मई 2022 में पंजाब पुलिस इंटेलिजेंस मुख्यालय पर आरपीजी हमले सहित कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल रहा है। एजेंसी ने कहा कि केंद्र द्वारा उसे डाला और लांडा के साथ "व्यक्तिगत आतंकवादी" घोषित किया गया था। प्रवक्ता के अनुसार मोगा निवासी डाला एक कुख्यात गैंगस्टर है जो कुछ समय पहले कनाडा चला गया था और हरदीप सिंह निज्जर के संपर्क में आया जो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन केटीएफ का प्रमुख था।

प्रवक्ता ने कहा कि दोनों केटीएफ के लिए धन जुटाने और पंजाब में व्यापारियों और विशेष समुदायों के नेताओं की लक्षित हत्या को अंजाम देने के लिए युवाओं की भर्ती और आतंकवादी गिरोह बनाने में लगे हुए थे।

अधिकारी ने कहा कि तरनतारन का लांडा शुरू में आपराधिक और गैंगस्टर गतिविधियों में शामिल था और 2017 में कनाडा चला गया जहां वह रिंदा के संपर्क में आया। लांडा ने बीकेआई के लिए काम करना शुरू किया और कई आतंकवादी घटनाओं में मुख्य आरोपी के रूप में उभरा, जिसमें पंजाब पुलिस खुफिया मुख्यालय पर आरपीजी हमला और दिसंबर, 2022 में तरनतारन में सरहाली पुलिस स्टेशन पर आरपीजी हमला शामिल है।

प्रवक्ता ने कहा, वह पिछले साल अगस्त में पंजाब पुलिस के सब इंस्पेक्टर दिलबाग सिंह की हत्या की साजिश का भी मास्टरमाइंड था। एजेंसी ने कहा कि बीकेआई के अन्य विदेश आधारित आरोपपत्रित गुर्गों में हरजोत सिंह शामिल हैं जो वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका में हैं, कश्मीर सिंह गलवड्डी, जो नाभा जेलब्रेक मामले में फरार है और संदेह है कि वर्तमान में नेपाल में है, और लांडा का भाई तरसेम सिंह, जो वर्तमान में दुबई में है।

प्रवक्ता ने कहा, गुरजंत सिंह, जो ऑस्ट्रेलिया में छिपा हुआ है, केटीएफ के विदेश–आधारित नोड्स में से एक है, जिसके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है। आरोपपत्र में शामिल अन्य आरोपियों में दीपक रंगा और लकी खोखर उर्फ 'डेनिस' शामिल हैं, जिन्हें भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए विदेशी–आधारित हेंडलर्स द्वारा भर्ती किया गया था।

किडनी फेल, लिवर, कैंसर और हृदय समस्याओं की रिकवरी संभव है : डॉ. बिस्वरूप राय चौधरी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। एलटीजी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। प्रमुख हस्ती डॉ. बिस्वरूप रॉय चौधरी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पहले से असाध्य माने जाने वाले रोगों से पीड़ित रोगियों की आश्चर्यजनक चिकित्सा रिकवरियां पेश की गई। चिकित्सा पेशेवरों, शोधकर्ताओं और रोगियों की सभा का 222., सुदर्शन न्यूज़ और साधना टीवी पर सीधा प्रसारण किया गया, जो दुनिया भर में लाखों लोगों तक पहुंचा। यह कार्यक्रम उन रोगियों की सफलता की कहानियों पर केंद्रित था, जिन्होंने असाध्य प्रतीत होने वाली बीमारियों से उल्लेखनीय सुधार का अनुभव किया था। कुछ रोगियों ने स्वास्थ्य के प्रति अपनी यात्रा साझा कीं और अपने असाधारण परिवर्तनों का समर्थन करने वाली अपनी चिकित्सा रिपोर्ट और साक्ष्य पेश किए। बड़ौदा के पारुल अस्पताल में इलाज कराने वाले पठान अब्दुल गफूर ने अपनी स्थिति के कारण 2–3 डायलिसिस सत्र सहने के अपने अनुभव को बताया। हालांकि डॉ. बिस्वरूप रॉय चौधरी द्वारा अपनाए गए नवीन उपचार दृष्टिकोण के माध्यम से गफूर के स्वास्थ्य में अप्रत्याशित सुधार हुआ और उन्होंने अपने प्रारंभिक पूर्वानुमान की बाधाओं को खारिज कर दिया। लक्ष्मी की कहानी भी इसी तरह की भावनाओं को प्रदर्शित करती है, क्योंकि अभूतपूर्व उपचार अपनाने से पहले वह उदयपुर के महाराणा भूपाल अस्पताल में 2–3 डायलिसिस सत्र से गुजर चुकी थीं। नई दिल्ली के बीएल कपूर अस्पताल के मरीज विकास गुप्ता ने अपना अनुभव साझा करते हुए आभार व्यक्त किया। डॉ. बिस्वरूप और आचार्य मनीष जी द्वारा शुरू किए गए नवीन उपचार दृष्टिकोण से पहले गुप्ता को इम्यूनोथेरेपी के 10 चक्रों से गुजरना पड़ा था। उल्लेखनीय रूप से विकास गुप्ता की यात्रा किसी भी असुविधा से रहित थी, जो अभूतपूर्व चिकित्सा की प्रभावशीलता और रोगी–केंद्रित प्रकृति का प्रमाण है।

बेबी माणिक देशमुख, जिन्हें डिम्बग्रंथि का कैंसर था, अपनी प्रेरक कहानी बताने के लिए जूम कॉल के माध्यम से जुड़ीं। देशमुख ने रायगढ़ के लोढ़ा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में उपचार प्राप्त किया, जहां उन्हें परिवर्तनकारी चिकित्सा दृष्टिकोण से गुजरना पड़ा। अपनी उपचार यात्रा के दौरान, उन्हें किसी भी असुविधा का अनुभव नहीं हुआ, जिसने चुनौतीपूर्ण कैंसर मामलों से निपटने में आचार्य मनीष जी की अभूतपूर्व पद्धति की क्षमता पर प्रकाश डाला।

मणिपुर में दो समूहों के बीच भारी गोलीबारी, स्कूल–घर जलाए, मिजोरम से पलायन कर रहे मैतेई

इंफाल ,(एजेंसी)। मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। हाल ही में वहां महिलाओं को निर्वस्त्र कर सडक़ों पर दौड़ाने का मामला सामने आया था तो अब चुराचांदपुर में दो गुटों के बीच तनाव की घटना सामने आई है। बीती देर शाम दो समूहों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। महिलाओं ने सडक़ों को अवरुद्ध कर दिया और टायर जलाए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कुकी समुदाय के सौ से अधिक लोगों ने बिष्णुपुर जिले की ट्रोबुंग ग्राम पंचायत में मैतेई समुदाय के कुछ घर और एक स्कूल जला दिया। सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंचकर हालात पर नियंत्रण किया। कुंबी से भाजपा विधायक सनासम प्रेमचंद्र सिंह ने बताया, ये सभी चुराचांदपुर जिले से आए थे और अचानक हमला बोल दिया।

मणिपुर में 80 से अधिक दिनों से जातीय हिंसा जारी है, जिसमें 150 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। हाल ही में कुकी समुदाय की दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर सडक़ पर घुमाने का वीडियो सामने आया था। जिसने पूरे देश को दहला दिया है। महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और सामूहिक दुष्कर्म के मामले पुलिस ने शनिवार को दो और लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें एक की उम्र 19 साल और दूसरा जुवेनाइल है। अब तक इस मामले में कुछ छह गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इससे पहले पुलिस ने 20 जुलाई को चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

एक अलग घटना में आदिवासी महिला ने सैकुल थाने में मामला दर्ज कराया है कि चार मई को उसकी 21 वर्षीय बेटी और 24 साल की सहेली के साथ भी भीड़ ने घर में घुसकर सामूहिक दुष्कर्म किया और निर्मम हत्या कर दी।

मणिपुर में तीन मई को हिंसा की शुरुआत चुराचांदपुर जिले से हुई थी, जो राज्य की राजधानी इंफाल के दक्षिण में करीब 63 किलोमीटर की दूरी पर है। इस जिले में कुकी आदिवासी ज्यादा हैं।

जामिया मिलिया इस्लामिया में होगा मेडिकल कॉलेज, केंद्र ने दी अनुमति

नई दिल्ली ,(एजेंसी)। जामिया मिलिया इस्लामिया को मेडिकल कॉलेज शुरू करने की अनुमति दे दी गई है। देश के प्रसिद्ध केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शुमार दिल्ली का जामिया विश्वविद्यालय बीते कई वर्षों से मेडिकल कॉलेज की मांग कर रहा था। गौरतलब है कि दिल्ली में स्थित अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों जैसे जेएनयू और दिल्ली यूनिवर्सिटी तक में फिलहाल मेडिकल कॉलेज नहीं है।रविवार को जामिया मिलिया इस्लामिया का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह के दौरान जामिया विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर नजमा अख्तर ने घोषणा की कि केंद्र सरकार ने जामिया में मेडिकल कॉलेज शुरू करने की अनुमति दे दी है।वाइस चांसलर द्वारा की गई इस घोषणा के दौरान मंच पर उपराष्ट्रपति और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मौजूद थे। विश्वविद्यालय का कहना है कि यह मेडिकल कॉलेज न केवल दक्षिण दिल्ली में रहने वाले लोगों के लिए बेहद जरूरी है,

यूपी से बाहर भी लड़ने के लिए 'इंडिया' से सीटें मांगेगी सपा

लखनऊ, एजेंसी। समावेशी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' से समाजवादी पार्टी यूपी से बाहर कई राज्यों में सीटें मांगेगी। इसके लिए शुरुआती दौर की बातचीत भी चल रही है। रविवार को पार्टी के महाराष्ट्र के अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। उनसे इंडिया के तहत महाराष्ट्र में दो लोकसभा सीटें लेने की बात रखी।

सितंबर–2022 में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन में सपा ने खुद को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलवाने का संकल्प लिया था। इसी के तहत प्रयास है कि सपा को यूपी से बाहर भी इंडिया के बैनर तले चुनाव लड़ने का अवसर मिले। ऐसा नहीं है कि अन्य राज्यों में सपा ने चुनाव में अपनी उपस्थिति दर्ज न कराई हो। मध्य प्रदेश के 2003 के विधानसभा चुनाव में सपा ने 7 सीटें जीतकर अहसास कराया था कि उसे राष्ट्रीय फलक पर भी कमजोर न समझा जाए।

मध्य प्रदेश में वर्ष 2018 के चुनाव में भी सपा को एक सीट मिली। महाराष्ट्र के पिछले विधानसभा चुनाव में सपा ने दो सीटें जीती थीं, जिनमें से एक मानखुर्द शिवाजी नगर क्षेत्र से वहां के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी विधायक हैं। गुजरात के पिछले विधानसभा चुनाव में भी सपा को एक सीट मिली थी। राष्ट्रीय नेतृत्व अन्य राज्यों में जीत के इस सिलसिले को लोकसभा चुनाव ले जाना चाहता है।

माना जा रहा है कि सपा गुजरात में पूर्व मुख्यमंत्री शंकर सिंह वाघेला का सहयोग लेते हुए

अखिलेश यादव से मिले अबू आजमी

एक–दो सीटें पर अपना दावा इंडिया की समन्वय टीम के सामने पेश करेगी। शंकर सिंह वाघेला और अखिलेश यादव की हाल ही में दो मुलाकातें भी हो चुकी हैं। इसी तरह से मध्य प्रदेश में भी उन क्षेत्रों से दावा पेश करेगी, जहां विधानसभा चुनाव में उसने अतीत में अच्छा प्रदर्शन किया है।

सपा नेता अबू आजमी ने कहा कि मुंबई के साउथ सेंट्रल में हम गठबंधन के तहत अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं। इसलिए हमने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मांग की कि वह अगस्त में मुंबई में होने वाली इंडिया के बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएं। अगर विपक्षी गठबंधन ने हमें दो सीटें दी तो हम वहां बेहतर परिणाम देंगे।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश को पिछड़ा और बीमारू बनाने में लग गई है। आंकड़ों की बाजीगरी में नागपुर से मिली झूठ की ट्रेनिंग ही दिखाई पड़ती है। प्रदेश के कई जिलों में इन दिनों डेंगू का प्रकोप बढ़ने लगा है। मच्छरों के लार्वा को समाप्त करने का अभियान नहीं चल रहा है।

भाजपा सरकार तब चेतेगी जब अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ जाएगी और कुछ की जान पर आ बनेगी। अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि ग्रामीण इलाकों में संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं। किसानों की नष्ट हुई फसलों का कोई मुआवजा नहीं मिला है। भाजपा के संरक्षित लोग अवैध खनन और पेड़ों के कटान का धंधा खुलेआम कर रहे हैं। पौधरोपण का झूठा डंका पीटा जा रहा है। सरकार ने दावा किया है कि 6 वर्ष में 137 करोड़ पौधे लगाए गए हैं। इसमें से कितने जीवित है, किसी को नही पता।

सांप्रदायिक एकता की मिसाल पैदा कर रहा प्राचीन खुदनेश्वर धाम, यहां मजार के बगल में विराजते हैं महादेव

समस्तीपुर ,(एजेंसी)। भगवान शंकर के अतिप्रिय माने जाने वाले श्रावण माह में सभी शिव मंदिरों में शिव भक्तों का तांता लगा हुआ है। हर–हर महादेव के जयकारे गूंज रहे हैं। ऐसे में बिहार के समस्तीपुर जिले में ऐसा भी एक शिव मंदिर है, जहां पहुंचने वाले भगवान शिव के भक्त भगवान महादेव की तो पूजा करते ही हैं, वहां स्थित शिवलिंग के दो गज दूर स्थित मजार की भी पूजा करना नहीं भूलते।

दरअसल, यह प्राचीन खुदनेश्वर धाम मंदिर समस्तीपुर जिला मुख्यलय से करीब 17 किलोमीटर दूर मैरवा में स्थित है। कहा जाता है कि खुदनेश्वरधाम सिर्फ बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां शिवलिंग के साथ मजार की पूजा–अर्जना की जाती है और दोनों एक ही छत के नीचे है। लोगों की मान्यता है कि यहां सच्चे मन से पूजा करने वालों की सारी मन्नतें पूरी होती हैं।

स्थानीय लोग इसे बाबा खुदनेश्वर धाम, खुदनेश्वर स्थान, खुदनेश्वर महादेव मंदिर सहित कई नामों से पुकारते हैं। मान्यता है कि इस मंदिर का नाम खुदनी बीबी नाम की एक मुस्लिम महिला के नाम से रखा गया है। मंदिर के मुख्य पुजारी अमित झा बताते हैं कि पहले यह मंदिर छोटा था लेकिन आज यहां भव्य मंदिर है, जहां सावन के अलावा बसंत पंचमी और शिवरात्रि में मेले का आयोजन होता है। मैरवा सहित आसपास के लोग यहां मांगलिक कार्यों के लिए भी पहुंचते है, जिसके लिए सारी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि यहां आने वाले सभी लोग शिवलिंग की पूजा करने के बाद उसी नियम से मजार की भी पूजा करते हैं।

खुदनेश्वर धाम की सेवा में जुटे प्रियरंजन झा बताते है कि इस अनोखे धाम में आने वाले लोगों की भगवान महादेव सारी मनोकामना पूरी करते हैं। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश काल के दौरान, 1858 में नरहन एस्टेट ने इस मंदिर की नींव रखी थी। तब से अब तक यह मंदिर काफी बदल गया है। इसका विकास धार्मिक न्यास बोर्ड की देखरेख में किया गया है। जनश्रुतियों के मुताबिक, 14वीं सदी में इस इलाके में घनघोर जंगल हुआ करता था। यहां पर मवेशियों को चराने लेकर आते थे। खुदनी बीबी नाम की एक मुस्लिम महिला भी अपनी गाय लेकर इस क्षेत्र में आती थी। खुदनी बीबी गाय चराकर घर लौटती थी, तब गाय से दूध निकालने के समय दूध नहीं निकलने लगा।

गाय के दूध नहीं देने से खुदनी बीबी परेशान हो गई और परिवार वाले भी इस पर कई आरोप लगाने लगे। एक दिन गाय चराने के क्रम में उसने देखा कि उसकी गाय एक निश्चित जगह पर खड़ी होकर अपने थन से दूध गिरा रही है। उस रात उसके सपने में खुद महादेव आए।

दिल्ली में उफनती यमुना के कारण गहराया बाढ़ का संकट

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में यमुना के बढ़ते जलस्तर फिर से लोगों की परेशानियां बढ़ सकती है। रविवार शाम को यमुना का जलस्तर के बार फिर से खतरे के निशान को पार कर गया है। शाम छह बजे 206. 35 मीटर दर्ज किया गया है।

वहीं, जलस्तर को बढ़ता देख प्रशासन सतर्क हो गया है और घाटों के किनारे रहने व सोने वाले लोगों से घाट खाली कराने शुरू कर दिए गए हैं। पूर्वी दिल्ली जिला प्रशासन ने नावों से यमुना घाटों पर मुनादी शुरू कर दी है।

प्रशासन की अपील है कि घाटों पर रहने वाले लोग यमुना का जलस्तर बढ़ने पर इन्हें खाली कर सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। साथ ही अपने मवेशियों को भी

लगातार खतरे के निशान से ऊपर बह रही नदी

ले जाएं। वहीं, किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोकने के लिए प्रशासन ने 24 नाव और 50 के करीब गोताखोर भी तैनात कर दिए हैं, ताकि आपात स्थिति में लोगों को निकालेंगे।

बोट क्लब के इंचार्ज हरीश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के दिशा–निर्देशों पर यमुना का जलस्तर बढ़ने के कारण लोगों को घाटों को खाली करने के लिए कहा जा रहा है। बाढ़ आने पर पहले यह लोग चले गए थे, लेकिन अब यह फिर वापस आ गए और जलस्तर भी बढ़ रहा है।

उन्होंने बताया कि यमुना का पानी इलाकों में न घुसे इसके लिए इस और कुछ कदम उठाए गए है। इसलिए बरसाती नालों को फिलहाल यमुना की तरफ से बंद कर दिया गया है। साथ ही ऐसे रास्ते जिनसे पानी कश्मीरी गेट और सिविल लाइंस इलाके में घुसा था वहां पर भी दो से तीन फिट की ऊंचाई पर मिट्टी के बोरे भी लगाए गए हैं, क्योंकि इन्हीं रास्तों के जरिए रिहायशी इलाकों में पहले पानी घुसा था।

पाकिस्तान में बाढ़ से चार लोगों की मौत

इस्लामाबाद ,एजेंसी। पाकिस्तान में बाढ़ के कारण एक बच्चे समेत कम से कम चार लोगों की मौत हो गई है। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के हवाले से यह खबर दी है। पंजाब राज्य में पीडीएमए ने कहा कि बाढ़ के कारण लाहौर, गुजरांवाला, मंडी बहाउद्दीन और फैसलाबाद शहरों में तीन महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई। उत्तर भारत में 8 जुलाई को भारी बारिश शुरू हुई और उसके बाद से मध्य पाकिस्तान में बाढ़ आ गई।

बरेली में पथराव के बाद कांवड़ियों में आक्रोश, पीलीभीत बाईपास पर लगाया जाम, सैकड़ों वाहन फंसे

बरेली, एजेंसी। बरेली में रविवार दोपहर इबादत स्थल के पास कांवड़ियों के जत्थे पर पथराव कर दिया गया। इसके बाद कांवड़ियों ने वहां से थोड़ा आगे बढ़कर प्रदर्शन किया। पूर्व पार्षद उस्मान की शह पर घटना बताए जाने पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। इसके बाद भी आक्रोश नहीं थमा। कांवड़ियों ने शाम सात बजे पीलीभीत बाईपास पर हंगामा शुरू कर दिया।

बारादरी थाना क्षेत्र के जोगी नवादा में दोपहर करीब दो बजे एक इबादत स्थल के पास से विवाद शुरू हुआ था। यहां से गुजरते वक्त जत्थे में शामिल कांवड़िये गुलाल उड़ा रहे थे, थोड़ा सा गुलाल उड़कर इबादत स्थल की ओर चला गया। इससे दूसरे समुदाय के लोग भड़क गए। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने कांवड़ियों पर पथराव शुरू कर दिया। घटना से अफरा–तफरी मच गई। कांवड़ियों ने थोड़ा आगे बढ़कर गली में वाहनों को आड़ा तिरछा खड़ा कर जाम लगा दिया और वहीं पर धरना–प्रदर्शन शुरू कर दिया। हालात देखते हुए पहले कई थानों की फोर्स बुला ली गई, बाद में आरएएफ भी बुला ली गई। कांवड़ियों का कहना था कि मौके पर मौजूद पूर्व पार्षद उस्मान के इशारे पर पथराव किया गया।

कांवड़ियों ने उसकी गिरफ्तारी की मांग रख दी। कुछ देर बाद एसपी सिटी राहुल भाटी ने इन लोगों को बताया कि उस्मान को गिरफ्तार कर लिया है तो कांवड़िये उसे मौके पर लाने की जिद करने लगे। मुश्किल से कांवड़िये वनखंडीनाथ मंदिर तक पहुंचे। वहां उन्होंने पथराव वाली जगह पर दोबारा ले जाकर वहीं से कांवड़ यात्रा निकलवाने की मांग रख दी। अधिकारी इस पर सहमत नहीं हुए तो कांवड़ियों में आक्रोश बढ़ गया। मंदिर के पास मैदान में कुछ देर रुकने के बाद शाम सात बजे कांवड़िये पीलीभीत बाईपास पहुंच गए और सुरेश शर्मा नगर चौराहा के पास रास्ता जाम कर दिया।

वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने शॉट खेलने तक का प्रयास नहीं किया : म्हाम्ब्रे

पोर्ट ऑफ स्पेन, भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने दूसरे टेस्ट मैच के लिए उपयोग की जा रही पिच को बल्लेबाजी के लिए बेहद धीमी करार देते हुए शॉट खेलने का प्रयास तक नहीं करने के लिए वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों की आलोचना की।

वेस्टइंडीज दो मैचों की श्रृंखला में अभी 0–1 से पीछे है। उसने दूसरे टेस्ट में भारत के 438 रन के जवाब में तीसरे दिन रन बनाने के लिए कोई विशेष प्रयास नहीं किए। कैरेबियाई टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक पांच विकेट पर 229 रन बनाए थे और वह भारत से 209 रन पीछे है।

म्हाम्ब्रे ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, पिच बेहद धीमी और बल्लेबाजी के लिए बहुत आसान है।

दिन का खेल समाप्त होने तक यह थोड़ा टर्न लेने लग गई थी। वेस्टइंडीज ने बल्लेबाजी में बेहद रक्षात्मक रवैया अपनाया। जब बल्लेबाज शॉट खेलने का प्रयास करता है तो विकेट लेने का भी मौका होता है लेकिन उन्होंने ऐसी कोशिश ही नहीं की।

उन्होंने कहा, हमारे गेंदबाजों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्हें जो भी मौके मिले उन्होंने उसका फायदा उठाया।

मुंबई के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, पिच जीवंत होनी चाहिए। बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लिए संतुलन होना चाहिए। डोमिनिका की पिच में टर्न था लेकिन हमने परिस्थितियों का बेहतर इस्तेमाल किया। इस पिच पर हालांकि 20 विकेट लेना मुश्किल होगा।

भारतीय गेंदबाजी कोच ने अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे हैं तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के प्रदर्शन पर संतोष जताया जिन्होंने किर्क मैकेंजी के रूप में अपना पहला विकेट लिया।

म्हाम्ब्रे ने कहा, पहले सत्र में पहली गेंद करने के बाद उसने जो प्रगति दिखाई उससे मैं काफी खुश हूं। दूसरे सत्र में उसने गेंद को कुछ मूव किया। यह वास्तव में अच्छा प्रयास था।

करमन कौर थांडी डब्ल्यू60 इवान्सविले के फाइनल में

इवान्सविले (अमेरिका), 23 जुलाई। भारत की करमन कौर थांडी ने अमेरिका की मेकार्टनी केसलर को सीधे सेटों में हराकर आईटीएफ महिला विश्व टेनिस टूर प्रतियोगिता डब्ल्यू60 इवान्सविले के फाइनल में प्रवेश किया।

तीसरी वरीयता प्राप्त थांडी ने शनिवार को सेमीफाइनल में केसलर को 6–3, 7–5 से हराया।

फाइनल में भारतीय खिलाड़ी यूक्रेन की चौथी वरीयता प्राप्त यूलिया स्ट्रोडुबत्सेवा से भिड़ेगी।

पिछले महीने डब्ल्यू60 सम्टर फाइनल भी इन दोनों खिलाडियों के बीच खेला गया था जिसमें थांडी को 7–6(5), 5–7 4–6 से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय खिलाड़ी इस बार उसका बदला चुकता करने में कोई कसर नहीं छोडना चाहेगी।

दीक्षा ला सेला ओपन में संयुक्त 19वें स्थान पर

डेनिया (स्पेन), भारत की दीक्षा डागर ने स्पेन में ला सेला ओपन गोल्फ के पहले दौर में दो अंडर 70 के स्कोर के साथ संयुक्त 19वें स्थान पर है। इस सत्र में चेक लेडीज ओपन जीतने वाली दीक्षा एक समय 10वें स्थान पर थी लेकिन पहले दौर में अन्य खिलाडियों के खेल के बाद वह संयुक्त 19वें स्थान पर खिसक गयी। तूफान और खराब मौसम के इस मुकाबले को चार की जगह तीन दौर का कर दिया गया है। भारत की अमनदीप द्राल (73) संयुक्त 54वें , वाणी कपूर और रिद्धिमा दिलावारी एक समान 74 के स्कोर के साथ संयुक्त 69वें स्थान पर हैं ।

भारतीय फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी, जल्दी शुरू होगा चौथे दिन का खेल

नई दिल्ली, वेस्टइंडीज के पोर्ट–ऑफ–स्पेन में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। रविवार को दूसरे और आखिरी टेस्ट के चौथे दिन का मैच खेला जाएगा। आम तौर पर मैच लोकल टाइम 10 बजे से शुरू होता था, लेकिन आज मैच जल्दी खेला शुरू होगा। मैच भारतीय समयानुसार 7 बजे शुरू होगा। ऐसा किस लिए किया जा रहा है अभी इसकी पुष्टी नहीं हुई है। बीसीसीआई ने मैच से पहले ट्वीट कर मैच जल्दी शुरू होने की जानकारी दी है। ऐसा माना जा रहा है कि खराब मौसम के चलते यह फैसला लिया गया है।

तीसरे दिन बारिश के चलते मैच देर से शुरू हुआ था। वहीं, बीच में हुई बारिश के चलते मैच को रोका भी गया था। त्रिनिदाद में रविवार को एक्यूवेदर के अनुसार बादल छाए रहेंगे। तापमान 32त् से 26त् डिग्री तक रहने की उम्मीद है। हालांकि, यह भी अनुमान है कि ज्यादा समय धूप खिली रहेगी। हवा 5 किमी/घंटा की स्पीड से चलने की संभावना है। 9 प्रतिशत बारिश की संभावना व्यक्त की गई है।

बात करें तीसरे दिन के खेल की तो वेस्टइंडीज ने खेल की समाप्ति से पहले 5 विकेट के नुकसान पर 229 रन बना लिए थे। क्रैग ब्रैथवेट ने शानदार अर्धशतक जड़ा। वह 75 रन बनाकर आउट हुए। एलिक अथानाज़े 37 रन और जेसन होल्डर 11 रन बनाकर नाबाद लौटे। भारत की तरफ से रवींद्र जडेजा को दो विकेट मिले। वहीं, भारत के लिए डेब्यू करने वाले मुकेश ने अपना पहला टेस्ट विकेट हासिल किया। सिराज और अश्विन को एक–एक विकेट मिला। वहीं, कोहली ने तीसरे दिन अपना 29वां टेस्ट शतक पूरा किया।

शुभंकर शर्मा लगातार तीसरे दिन शीर्ष 10 में

होयलेक (लिवरपूल), भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने दुनिया के चोटी के खिलाडियों को कड़ी चुनौती देते हुए 151 ओपन मेजर टूर्नामेंट में लगातार तीसरे दिन शीर्ष 10 में अपना स्थान बरकरार रखा।शुक्रवार को अपना 27 वां जन्मदिन मनाने वाले शुभंकर का कुल स्कोर तीन अंडर है और वह संयुक्त नौवें स्थान पर हैं। दूसरे दौर के बाद उनका स्कोर चार अंडर था।इस भारतीय खिलाड़ी ने पहले दौर में 68, दूसरे दौर में 71 और तीसरे दौर में 70 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर अब तीन अंडर 209 है। तीसरे दौर में जॉन रहम ने बेहतरीन खेल दिखाया तथा आठ अंडर 63 का कार्ड खेलकर नया कोर्स रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने आठ बर्डी लगाई और एक भी बोगी नहीं की।

पहले जमीन पर गिरे फिर फेंका बल्ला

नई दिल्ली, भारत–ए और पाकिस्तान ए टीम के बीच आज इमर्जिंग एशिया कप 2023 का फाइनल मैच खेला जा रहा है। इस मैच में टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान–ए टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 352 रन बनाए। पाकिस्तान टीम की तरफ से तैयाब ताहिर ने शतकीय पारी खेली और टीम के इस स्कोर में खास योगदान दिया।

उनके अलावा साहिबजादा फरहान ने 62 गेंदों पर 65 रन बनाए, लेकिन उनके आउट के बाद पाकिस्तान के लगातार विकेट गिरते चले गए। बता दें कि फरहान जिस तरह से आउट हुए उसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, पाकिस्तान की तरफ से साहिबजादा फरहान 22वें ओवर के दौरान दूसरी गेंद पर ऑफ साइड पर एक रन लेने के चक्कर में थे, लेकिन नॉन स्ट्राइकर एंड पर खड़े उनके साथी खिलाड़ी ने फील्डर को बॉल की तरफ भागता देख रन लेने से मना कर दिया, जिसके कारण जल्दीबाजी में रहान रन लेते हुए मैदान पर गिर गए और लाइन तक पहुंचने के लिए उन्होंने अपना बल्ला भी फेंक दिया, लेकिन यश धुल ने इसका फायदा उठाया और सटीक थ्रो विकेटकीपर के पास दी और विकेटकीपर ने उनकी गिल्लियां उड़ाने में समय नहीं लगाया।

फिल्मी दुनियां

शरमन जोशी और साहिल खान दो दशक बाद फिर आए साथ, बड़े पर्दे पर मचाएंगे धमाल

बॉलीवुड अभिनेता शरमन जोशी और साहिल खान ने अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं। दोनों स्टाइल (2001) और इसके सीक्वल एक्सक्यूज मी (2003) में साथ नजर आए थे, जिसमें उनके अभिनय ने दर्शकों को हंसा–हंसा कर लोटपोट कर दिया। अब लगभग 2 दशक के बाद यह धमाकेदार जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार है। शरमान और साहिल जल्द एक फिल्म में नजर आएंगे, जिससे नई अभिनेत्री को लॉन्च किया जाएगा। ट्रेड एक्सपर्ट तरण आदर्श ने ट्विटर पर पोस्ट साझा कर फिल्म के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने लिखा कि इस फिल्म का निर्देशन सैम खान कर रहे हैं, जिन्होंने इसकी कहानी भी लिखी है, वहीं पटकथा और संवाद मिलाप जावेरी ने लिखे हैं। हितेश खुशलानी द्वारा निर्मित और भुवि खुशलानी, जफर मेहंदी और ईशान दत्ता द्वारा सह–निर्मित फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। कहा जा रहा है कि इसकी शूटिंग बड़े पैमाने पर अबू धाबी में होगी।

शरमान ने कहा, साहिल और मैंने पहले जो फिल्में की उनमें स्क्रीन पर हमारे बीच की केमिस्ट्री को काफी सराहना मिली है। वह हमारी पहली व्यावसायिक हिट थी, जिसे देखकर ही राजकुमार हिरानी ने मुझे 3 इडियट्स के लिए कास्ट किया था। साहिल ने कहा, सैम को मैं काफी समय से जानता हूं और उनके साथ काम करने के लिए बेहद खुश हूं। यह फिल्म मुझे और शरमन को एक बार फिर साथ लाई है। वह एक शानदार अभिनेता हैं।

फिल्म के बारे में लेखक मिलाप ने कहा, फिल्म पूरी तरह से मनोरंजक होगी। इसमें दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखने के लिए सभी तत्व मौजूद होंगे। इसके अलावा निर्माता हितेश शरमन और साहिल को फिर से बड़े पर्दे पर साथ लाने के लिए खुश हैं। उनका कहना है कि शरमन की कॉमिक टाइमिंग बहुत अच्छी है तो साहिल का सेंस ऑफ ह्यूमर स्वाभाविक है। ऐसे में वे दोनों फिल्म को दर्शकों के लिए और भी शानदार बना देंगे।

शरमन हाल ही में मोना सिंह के साथ वेब सीरीज कफस में नजर आए हैं। इसके अलावा उनकी फिल्म म्यूजिकल स्कूल मई में रिलीज हुई थी। साहिल की बात करें तो वह काफी समय से फिल्मी पर्दे से दूरी बनाए हुए हैं और अपना बिजनेस संभाल रहे हैं। वह आखिरी बार 2010 में आई फिल्म रामाः द सेवियर में नजर आए थे और अब वह इस फिल्म के साथ अभिनय की दुनिया में वापसी के लिए तैयार हैं।

न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर के आइकोनिक बिलबोर्ड पर नजर आया प्रोजेक्ट के का पोस्टर

अपकमिंग फिल्म प्रोजेक्ट के का पोस्टर, जिसमें कमल हासन, प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी हैं, हाल ही में न्यूयॉर्क शहर के टाइम्स स्क्वायर के आइकोनिक बिलबोर्ड पर नजर आया। यह डिसप्ले 20 जुलाई को सैन डिएगो कॉमिक–कॉन में प्रीव्यू लॉन्च होने से पहले फिल्म की एक झलक दिखाता है। प्रोजेक्ट के अपनी शानदार स्टारकास्ट के कारण भारत में बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक है। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट के का निर्देशन नाग अश्विन ने किया है। यह भविष्य पर आधारित एक एपिक साइंस फिक्शन फिल्म है। यह फिल्म कथित तौर पर 600 करोड़ रुपये के बजट पर बनाई जा रही है, जो इसे अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्मों में से एक है। फिल्म का म्यूजिक संतोष नारायणन द्वारा कंपोज किया गया है, सिनेमैटोग्राफी जोर्डजे स्टोजिलजकोविक का है और प्रोडक्शन डिजाइन नितिन जिहानी चौधरी ने किया है। फिल्म की घोषणा फरवरी 2020 में वैजयंती मूवीज की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी।

गदर 2 का दूसरा गाना खैरियत आया सामने, अरिजीत सिंह ने दी आवाज

सनी देओल और अमीषा पटेल की गदर 2 की रिलीज डेट जैसे–जैसे पास आ रही है, इसके लिए उत्सुकता भी बढ़ती ही जा रही है. वहीं, मेकर्स भी इस बेसब्री को लगातार किसी न किसी तरीके से बढ़ा ही रहे हैं. अब फिल्म का नया गाना खैरियत रिलीज किया गया है, जिसमें सनी देओल काफी भावुक नजर आ रहे हैं. इसमें वह अपने बेटे जीते की सलामती के लिए दुआएं करते हुए नजर आ रहे हैं.गाने में देखा जा सकता है कि सनी एक ट्रक पर बैठे हुए और अपने बेटे की यादों पर में खोए हुए हैं. यहां वह अपने बच्चे की सलामती के लिए दुआ कर रहे हैं. वहीं, घर में बैठी अमीषा पटेल भी नम आंखों से अपने बेटे की खैरियत की दुआ कर रही हैं. खैरियत इतनी खूबसूरती से पेश किया गया है कि यह गाने में देखा जा सकता है कि जब बच्चा माता–पिता की नजरों से दूर किसी परेशानी में हो तो उनके दिल पर क्या बीतती है.इस गाने को देखकर ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि सनी देओल इस बार अपने बेटे के लिए हिन्दुस्तान से पाकिस्तान तक का सफर तय कर रहे हैं. इस पूरे रास्ते में उन्होंने बेटे की फोटो और यादें अपने सीने से लगाकर रखी हैं.गाने के बीच में पिछली फिल्म गदर की भी कुछ झलकियां देखने को मिल रही हैं, जिनमें तारा सिंह, सकीना और जीते के कुछ सीन्स दिखाए गए हैं, जो इस गाने को और खूबसूरत बना रहे हैं.

प्रोजेक्ट के से प्रभास की पहली झलक आई सामने, दिखा धांसू अवतार



सालार न सिर्फ प्रभास, बल्कि 2023 की भी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। आए दिन इस फिल्म से जुड़ी तरह–तरह की जानकारियां सामने आ रही है। जहां कुछ दिनों पहले निर्माताओं ने प्रोजेक्ट के से दीपिका पादुकोण का फर्स्ट लुक जारी किया था, वहीं अब फिल्म से प्रभास की पहली झलक सामने आ चुकी है, जिसमें सुपरस्टार का धांसू अवतार देखने को मिल रहा है। तस्वीर साझा करते हुए प्रभास ने लिखा, हीरो उठ गया। अब खेल बदल गया। सालार का निर्देशन प्रशांत नील ने किया है, जबकि इसके निर्माण का जिम्मा विजय किरगंदुर ने संभाला है। इसमें प्रभास के अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन और जगपति बाबू भी अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं।

यह फिल्म 28 सितंबर, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। सालार को हिंदी समेत तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सालार में केजीएफ अभिनेता यश कैमियो में नजर आएंगे।

प्रोजेक्ट के से दीपिका पादुकोण का फर्स्ट लुक हुआ रिलीज

अपकमिंग साइंस फिक्शन फिल्म प्रोजेक्ट के से दीपिका पादुकोण का लुक आखिरकार जारी किया गया।नाग अश्विन द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले ही काफी चर्चा बटोर चुकी है और कई कारणों से हाल के दिनों में सबसे ज्यादा चर्चित भारतीय फिल्म बन गई है।

सैन डिएगो कॉमिक–कॉन के आइकोनिक एच हॉल में अपने ग्रैंड डेब्यू करने के लिए तैयार प्रोजेक्ट के में इंडस्ट्री के कुछ सबसे बड़े सितारे शामिल हैं, जिनमें अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी शामिल हैं। प्रोजेक्ट के से दीपिका के ऑफिशियल फर्स्ट लुक ने फैंस को सरप्राइज कर दिया है। दीपिका एक लबादा पहने हुए हैं और किसी चीज को ध्यान से देखती हुई नजर आ रही हैं। पोस्टर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए मेकर्स वैजयंती मूवीज ने लिखा, बेहतर कल के लिए एक उम्मीद जगी है। यह प्रोजेक्ट के से दीपिका पादुकोण हैं। नाग अश्विन ने दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाने के लिए प्रोजेक्ट के को कुशलतापूर्वक तैयार किया है, जहां साइंस फिक्शन मनोरंजक ड्रामा से मिलती है। प्रोजेक्ट के 12 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली लिए तैयार है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com